ज्ञान को निरपेक्षता कहा है, जो इसे सार्वभौमिक ज्ञान के रूप में सूर्य के तहत हर किसी पर थोपने की अनुमति देता है। पश्चिमी विचारों और मिथकों को सत्य, उद्देश्य, सार्वभौमिक और वैज्ञानिक ज्ञान की प्रस्तुति औपनिवेशिकता का एक प्रमुख पहलू है। अतीत से ही पश्चिमी विचारकों और उनके विचारों को वैज्ञानिकता का अधिकार दिया गया है। जिसने भी यूरोकेंद्रित मानदंडों के अनुसार शिक्षा अर्जित नहीं की है उसको शिक्षित नहीं कहा जाता है अर्थात शिक्षित होना का अर्थ है यूरोपीय या अमेरिकीकृत होना है, लेकिन जो लोग इस प्रकार से शिक्षित हैं मानसिक रूप से गुलाम ही हैं ।

वर्तमान समय में भी यूरोप केंद्रित ज्ञान को अनुवादों और दोहराव के उत्पादन के माध्यम से अंग्रेजी बोलने व समझने वाली जनसंख्या के बीच परोसा जा रहा है लैटिन अमेरिका में यूरोप केंद्रित ज्ञान मीमांसा पद्धति से जुड़ी किताबों का अनुवाद स्पेनिश और पुर्तगाली में बहुत सहजता से उपलब्ध हैं और स्थानीय स्तर पर वैधता प्राप्त कर चुका है । जिसका एक महत्वपूर्ण कारण यह है कि लेटिन अमेरिका के पास आवश्यक अभिव्यक्ति और प्रबंधकीय क्षमता का अभाव है जिसकी वजह से स्थानीय ज्ञान को पूरे महाद्वीप में फैलाने में असमर्थता होती है, जो संस्थाएं ऐसे ज्ञान को फैला रही हैं हैं वह बहुत छोटी है या फिर बिल्कुल नई है इनकी तुलना में सार्वभौमिक ज्ञान को फैलाने वाली संस्थाएं जो अकादमिक जर्नल और पुस्तकें छापती हैं उनकी अमेरिका और यूरोपीय विश्वविद्यालयों में काफी मांग है, जिनको बड़े पूंजी पतियों के द्वारा संचालित किया जाता है। पश्चिमी ज्ञान का प्रभुत्व इस कदर फैला हुआ है की ज्ञान को फैलाने वाली नई

तकनीके जैसे डिजिटल या इलेक्ट्रॉनिक प्लेटफार्म पर उपलब्ध पश्चिमी ज्ञान भी लैटिन एक्सेंट में उपलब्ध है। कुल मिलाकर यह कहा जा सकता है की स्थानीय स्तर पर उत्पन्न और विकसित ज्ञान को "सार्वभौमिक ज्ञान" के निर्माता शक्ति के औपनिवेशवाद के रास्तों के बीच स्थान नहीं मिल रहा है।

ज्ञान की स्वतंत्रता का आन्दोलन

डिकोलोनियल एथिक्स में विचारों की नैतिक शुद्धता या अनैतिकता एक महत्वपूर्ण विषय है । इससे पहले कि वे निष्पक्षता और वैज्ञानिकता का दावा करें, सभी विचारकों और उनके विचारों को उनकी विषय-वस्तु और सीमाओं को स्पष्ट करना चाहिए । सभी सत्य और असत्य, ‘अन्यथा’ किसी जगह और समय में कहीं न कहीं स्थित होते हैं , वे सार्वभौमिक और मानवीय ज्ञान नहीं हो सकते हैं । सभी ज्ञान एक प्रकार का निर्माण और एक कहानी है जो सभी लोगों और सभी स्थानों के लिए केवल और केवल सत्य नहीं हो सकती है । वो शक्ति जो न केवल ज्ञान बल्कि ज्ञान और जानने के पीछे की राजनीति को समझने में सहायक हो ऐसी ज्ञानमीमांसा स्वतंत्रता की आवश्यकता है । ज्ञान निष्कपट और निरपराध नहीं होता है; यह सत्ता संबंधों, आर्थिक और राजनीतिक असमानताओं से युक्त होता है । यह केवल जानने के लिए पर्याप्त नहीं है, यह मायने रखता है कि जो ज्ञात है वह कैसे जाना जाता है । ज्ञान उत्पादन के तरीके और तरीके राजनीतिक रूप से चार्ज किए जाते हैं । यह ज्ञान की विडंबना में है कि फ्रांत्ज फैनोन ने अपने क्लासिक को समाप्त कर दिया; ब्लैक स्किन

व्हाइट मास्क, वाक्य के साथ: "ओह, मेरा शरीर मुझे हमेशा एक आदमी बनाता है जो सवाल करता है!" डिकोलोनियल ज्ञान और ज्ञानमीमांसा संबंधी स्वतंत्रता का एक बड़ा हिस्सा सवाल पूछ रहा है और प्रभुत्ववादी विचारों के नकली आधिकार को चुनौती दे रहा है ।

लैटिन अमेरिका में ज्ञानमीमांसा या ज्ञान मीमांसा सम्बंधित चिंतन पद्दति की स्वतंत्रता का अर्थ है जहाँ लैटिन अमेरिकी लोग है वहाँ के बारे में लिखना , सोचना , सिद्धांत बनाना , और उस दुनिया की व्याख्या करना जिसे यूरोकेंद्रियेवाद ने छुपा दिया । उपनिवेशी तंत्र ने कुछ मनुष्यों को मनुष्य ही नहीं समझा जिसका सामन्य अर्थ यह था की उनके ज्ञान , अनुभव और ज्ञानमीमांसा को महत्वहीन घोषित कर दिया गया । लेकिन अब दास, विस्थापित, उपनिवेशित और नस्लीय लोगों के वंशजों ने दुनिया भर में अकादमियों में प्रवेश कर लिया है,जहाँ से वो पुरजोर घोषणा करते कि वे मनुष्य हैं, उनके जीवन का भी अर्थ है और वे वैध और तर्कसंगत ज्ञान प्रणालियों में पैदा हुए हैं वर्तमान ज्ञानमीमांसा संकट को पार कर मानवता की सहायता करने में सक्षम हैं । साथ ही , वे संज्ञानात्मक न्याय के लिए विविध संघर्षों कर रहें है , जो इक्कीसवीं सदी पर मंडरा रही है । डिकोलोनियल थ्योरी के माध्यम से समाजशास्त्रियों का मानना है की एक बार लैटिन अमरीकी लोग ज्ञानमीमांसा की स्वतंत्र का प्रयोग कर अपने देसज ज्ञान को अगर पुनः स्थापित करते हैं तो वो लैटिन अमेरिका में राजनीतिक, सांस्कृतिक, आर्थिक और अन्य स्वतंत्रता प्राप्त कर सकते है ।

देसज ज्ञान और संस्कृति के माध्यम से अस्मिता के निर्माण का साहित्य

अफ़्रीकी-अमेरिकी मूल के मशहूर रैपर जे ज़ी ने अपने एक वक्तव्य में कहा था की पहचान एक ऐसी जेल है जिससे आप कभी बच नहीं सकते, लेकिन अपने अतीत को भुनाने का तरीका इससे भागना नहीं है, बल्कि इसे समझने की कोशिश करना है, और इसे एक नींव के रूप में इस्तेमाल करना है । इसी वक्तव्य को आगे बढ़ाते हुए सदियों तक उपनिवेशित रहे रहे लोगों की मुक्ति और स्वतंत्रता का मार्ग उन्हें अपने अतीत में ही तलाशना होगा। यदि व्यक्तिगत रूप से सारे पूर्वाग्रहों को हटा कर गैर पक्षपाती रूप से उपनिवेशी देशों के उपनिवेश बनने से पहले के इतिहास को गंभीरता और बोद्धिकता के साथ अध्यन किया जाये तो उनके इतिहास में ज्ञान, कला,स्थापत्य और विज्ञान के मत्वपूर्ण संस्कृतियों का पता चलेगा जिनके माध्यम से वहाँ के लोग उस समय के अनुरूप प्रगति पथ पर अग्रसर थे । परन्तु उपनिवेशी ताकतों ने अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए उनके प्रत्येक क्षेत्र पर हमला किया जिसका परिणाम ये हुआ की समय के साथ उनकी सभ्यता और संस्कृति हमेशा के लिए समय के अंधकार में विलुप्त हो गयी । उपनिवेशी ताकतों ने देशज ज्ञान और संस्कृति को केवल समाप्त ही नहीं किया बल्कि उसका मखौल भी उड़ाया अतः यह अति अवश्यक हो जाता है की अपने पूर्वजो के ज्ञान और संस्कृति जो सदियों से हासिये पर ठकेल दी गयी है उसे पुनः जीवित किया जाये और अपनी खोयी हुयी पहचान को पुनः प्राप्त किया जैसा की पाउलो फ्रेइरे अपनी पुस्तक ‘उत्पीड़ितों का शिक्षाशास्त्र’ में कहते है "... पहचान/अस्मिता की भावना

के बिना, कोई वास्तविक संघर्ष नहीं हो सकता ..." अतः यह कहा जा सकता है की अपनी पहचान को केंद्र में रख कर ही संघर्ष की सही और सटीक रूप रेखा तेयार की जा सकती और अपने पूर्वजों के ज्ञान को अँधेरे से निकाल कर उजाले में लाया जाए क्यूंकि अपने पूर्वजों के ज्ञान और संस्कृति को खोने का अर्थ है अपनी पहचान और अस्मिता की हत्या कर देना ।

अतीत में झाँकने का तात्पर्य यह है की हम जान सकें की हमारा वजूद क्या है, हम कौन हैं , हमारी जड़ें कहाँ है , हमारा अतीत ही हमारा एक साधन है जिसके माध्यम से हम अपने अस्तित्व का सटीक आंकलन कर सकते है और ऐसा करके ही हम बुद्धिमानी और चतुरता से अपने आने वाले भविष का निर्माण कर सकते । हमें एक ऐसे भविष की कामना और निर्माण करना होगा जिसमे हमें और हमरी आने वाली नस्लों को किसी भी प्रकार कोई वर्चस्व और दासता का सामना न करना पड़े । ऐसे सुंदर भविष के निर्माण के लिए सामग्री हमें अपने साहित्य से लेनी होगी वो साहित्य जो हमारी अस्मिता के सम्मान और गौरव के लिए लिखा गया, वो साहित्य जो न केवल हमारी इतिहास की हिंसक और बर्बर घटनाओं का ब्येरा देता है बल्कि हमारी उस खोई संस्कृति का बखान भी करती है जो बर्बर और हिंसक शासको का मुकाबला करने का साहस भी देती है ।

साहित्य में अस्मिता विमर्श का वास्तविक मुद्दा हमेशा मानवीय मुक्ति और विशाल जनजीवन के जनतांत्रीकरण का रहा है । जब तक रचनाकार का आंतरिक संघर्ष स्पष्ट, मुखर और व्यवस्थित नहीं होगा, तब तक वह बाहरी समस्याओं से लड़ नहीं सकता ।

लैटिन अमेरिका के बीसवी शताब्दी में साहित्य ने जिस गहराई और सघनता से अस्मिता के विमर्श पर जो लिखा उसमें मूलनिवासी, आदिवासी ,उत्पीडित,वंचित लोगों की चेतना को केंद्र में रखा और ऐसे मुद्दों को उठाया जिनके माध्यम से वर्चस्ववादी संस्थानों को चुनौती दी जा सके।

यह साहित्य सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सभी स्तरों पर अधिकार और हक की मांग को लेकर हाशिए की अस्मिताओं के संघर्ष की आवाज़ को बुलंद करते हैं । साहित्य वर्ग, रेस, वर्ण, लिंग, स्थानिकता, सांस्कृतिक पहचान, विस्थापन आदि को आधार बना कर नई अस्मिताएं सामने लाता है । ये साहित्य समानता, न्याय, हिस्सेदारी और आत्मसम्मान के लिए प्रतिरोध, आंदोलन और संघर्ष को मुक्ति के मार्ग के रूप में स्थापित करता है । अस्मिता विमर्श अथवा चिंतन का अर्थ है अपने अस्तित्व का ज्ञान, जो आत्मनिर्णय और स्वयं की अभिव्यक्ति को प्रकट करता हो । अपनी स्वतंत्र अस्मिता को चिंतन के केंद्र में स्थापित करना , जो वैश्वीकरण की प्रक्रिया के बराबर वर्चस्ववादी सत्ता के निरंतर प्रतिरोध में प्रकट हुई ।

समानता और स्वतंत्रता के लिए वर्चस्वकारी संस्कृति से मुक्ति आवश्यक है

किसी भी समाज में जब तक एक वर्ग का दुसरे वर्ग पर सांस्कृतिक , सामाजिक , आर्थिक एवम राजनितिक वर्चस्व कायम है उस समाज में समानता और स्वतंत्रता की बात करना बेईमानी है अतः हमें एसे मार्गों को तलाश करने की आवश्यकता है जो समाज में बराबरी स्थापित करे और वर्चस्ववादी सोच का पूर्ण नाश करे । बीसवी सताब्दी के बहुत से लैटिन अमेरिकी साहित्यकार अपने अपने साहित्य के माध्यम से हमें उन मार्गों का अनुसरण करने के लिए प्रेरित करते हैं जिनके माध्यम से वे लैटिन अमेरिका में अपने अस्मिता और संस्कृति की न केवल पुरजोर वकालत कर रहें है बल्कि प्रभुत्ववादी शक्तियों को चुनौती भी दे रहें हैं ।

आज जब लगभग पूरी दुनिया में लोकतान्त्रिक व्यवस्था कायम है और समाज का प्रत्येक वर्ग किसी न किसी माध्यम से अपने अतीत और सांस्कृतिक विरासत से परिचित हो रहा है ऐसे में आज के आधुनिक लोकतांत्रिक परिवेश में ऐसे साहित्य, थ्योरी , परिकल्पना ,विचार , सिधांत और ज्ञानमीमांसा की आवशयकता है जो उत्पीड़न का शिकार रहे लोगों को इतना अवसर जरूर उपलब्ध कराये कि वे इतिहास को अपने ढंग से समझने और जानने के साथ - साथ उन कारणों की भी समीक्षा कर सकें, जो उनके दमन और दासता के मूल में हैं ।

सदियों के संघर्सों और आन्दोलन के पश्चात आज जो हमें उपनिवेशों से आजादी मिली है सही अर्थों में उस आज़ादी की कोई प्रासंगिगता नहीं है यदि इस आधी आधूरी आज़ादी

को हम एक सम्पूर्ण आज़ादी में न बदल दे । पूरी आज़ादी प्राप्त करने के लिए ये आवश्यक है की हम उन बिन्दुओं का बहुत ही गहराई से अवलोकन करे जहाँ हमें असल मायने में अभी भी आज़ादी नहीं मिली है । ये साहित्य हमें उन्ही बिन्दुओं के से अवगत करते है और ऐसे माध्यमों को तेयार करने की तरकीब बताते है जिनकी सहायता से हम अपनी सामाजिक व्यवस्था जो असमानता , भेदभाव और अन्य चीजों से भरी है ,जो कई बार हमारे मौलिक अधिकारों से भी टकराती हो को दुरुस्त कर सकते हैं ।

इतिहास को नए दृष्टीकोण से पढ़ने और देखने की आवशयकता पर बल देता साहित्य

जैसा की हम जानते है इतिहास हमारी अस्मिताओं के निर्माण में अहम भूमिका अदा करता है । इस अस्मिता का निर्माण हमेशा किसी न किसी के विरोध में होता है, अर्थात एक ऐतिहासिक दुश्मन तैयार किया जाता है ताकि अस्मिता और वर्चस्व का संघर्ष हमेशा कायम रहे । तीसरी दुनिया या ग्लोबल साउथ के इतिहास में भी उस दुश्मन की पहचान करने की आवशयकता है जिसने अपनी वर्चस्ववादी नीतियों और षड्यंत्रों से देसज व मूलनिवासियों के इतिहास से उन्ही के ज्ञान और संस्कृति को विलुप्त कर दिया है । इतिहासकार अक्सर जब इतिहास लिखता है तो वो सत्ता और वर्चस्व के इशारे पर लिखता है । यहाँ जो सबसे महत्वपूर्ण सवाल है वो ये है की इतिहास कौन लिख रहा है और किसके लिए लिख रहा है , उसका नायक कौन है और खलनायक

कौन है निसंदेह नायक इतिहासकार लिखने वाले के पक्ष का होगा और खलनायक उस समाज या वर्ग का होगा जो सत्ता और प्रभुत्व को चुनौती देता है । परन्तु ग्लोबल साउथ के अकादमिक क्षेत्र चाहे वो समाजशास्त्र , दर्शनशास्त्र , इतिहास ,साहित्य या फिर कला का ही क्षेत्र क्यूँ न हो इन सभी क्षेत्रों में समाज का वो तबका जिसे सदियों तक हाशिये पर रखा गया, जिसे शिक्षा के अधिकार से वंचित रखा गया और जिसका आर्थिक और सामजिक रूप से शोषण होता रहा अब अपनी आवाज बुलंद कर रहा है उन संस्थाओं और प्रवृत्तियों के खिलाफ जो उन्हें दासता की बेड़ियों में बांधती है । इतिहास पर सवाल खड़ा करने का मतलब है देश की विरासतों और सियासतों, ऐतिहासिक घटनाक्रमों, धर्म, संस्कृति और भाषा पर सवाल करना ।

ग्लोबल साउथ में हम देखत है की एक तरफ ऐसे लोग हैं जो यूरोकेंद्रित दृष्टीकोण से लिखे इतिहास को ही सर्वमान्य और सर्वभोमिक मान चुके है जबकि दूसरी तरफ समाज का एक ऐसा वर्ग भी है जिसे रेस /नस्ल के आधार पर शोषित किया गया और ये वर्ग इतिहास को अपनी संस्कृति ,सभ्यता और सहित्य के माध्यम से नए सिरे से परिभाषित करने का प्रयास कर रहा है । अतः आज के समय में ये अति आवश्यक हो जाता है की मूलनिवासियों के इतिहास को नए नज़रिए से देखा , समझा और लिखा पढ़ा जाये ।

REFERENCES:

Alcoff, Linda Martín. “Mignolo's Epistemology of Coloniality.” *CR: The New Centennial*

Amin, Samir. “The Ancient World-Systems versus the Modern Capitalist World-System.” *Review (Fernand Braudel Center)*, vol. 14, no. 3, 1991, pp. 349–85.

Amin, Samir. *Eurocentrism*. NYU Press, 1988.

Amin, Samir. *Eurocentrism: Modernity, Religion and Democracy - A Critique of Eurocentrism and Culturalism*. 2nd ed., Pambazuka Press, 2010.

Arnedo-Gómez, Miguel. “The Afrocubanista Poetry of Nicolás Guillén and Ángel Rama's Concept of Transculturation.” *Afro-Hispanic Review*, vol. 26, no. 2, 2007, pp. 9–25. *JSTOR*,www.jstor.org/stable/23054617.

Arguedas, José María, and José Luis Rouillón. *Cuentos Olvidados*. Lima, Imágenes Y Letras,1973.

Barreda-Tomás, Pedro M. “Alejo Carpentier: Dos Visiones Del Negro, Dos Conceptos De La Novela.” *Hispania*, vol. 55, no. 1, 1972, pp. 34–44. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/338243.

Berberoglu, Berch. “Wallerstein and World-Systems Theory.” *Social Theory*. Routledge, 2020. 225–230. *Social Theory*.

Boyd, Antonio Olliz. “Latin American Literature and the Subject of Racism.” *CLA Journal*, vol.57, no. 3, 2014, pp. 177–184. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/44325865.

Dahl, Anthony G. “Resolving the Question of Identity: Nicolás Guillén's ‘La Balada De Los Dos Abuelos.’” *Afro-Hispanic Review*, vol. 14, no. 1, 1995, pp. 10–17. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/23055188.

de Baets, Antoon. “Eurocentrism in the Writing and Teaching of History.” *A Global Encyclopedia of Historical Writing*, edited by Daniel Woolf, Garland Publishing, 1998, p. 298.

De la Cadena, Marisol. “Silent Racism and Intellectual Superiority in Peru.” *Bulletin of Latin American Research*, vol. 17, no. 2, 1998, pp. 143–164. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/3339226.

Delgado, L. Elena, et al. “Local Histories and Global Designs: An Interview with Walter Mignolo.” *Discourse*, vol. 22, no. 3, 2000, pp. 7–33. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/41389582.

Dussel, Enrique D, et al. *Ethics of Liberation in the Age of Globalization and Exclusion*. Durham ; London, Duke University Press, 2013.

Dussel, Enrique. “Enrique Dussel: Without Epistemic Decolonization, There Is No

Dussel, Enrique. “Eurocentrism and Modernity (Introduction to the Frankfurt Lectures).” *Boundary 2*, vol. 20, no. 3, 1993, pp. 65–76. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/303341.

Ellis, Keith. “Images of Black People in the Poetry of Nicolás Guillén.” *Afro-Hispanic Review*,vol. 7, no. 1/2/3, 1988, pp. 19–22. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/23054119.

Fanon, Frantz.. *The Wretched of the Earth : Frantz Fanon*. New York, Grove Press, 2004.

Fernández Retamar, Roberto. *Caliban and Other Essays*. reprint ed., U of Minnesota Press, 1989.

Freire, Paulo. *Pedagogy of the Oppressed*. New York, Bloomsbury Academic, 2018.

Guillén, Nicolás, and Teresa Labarta De Chaves. “Poems.” *Latin American Literary Review*, vol.2, no. 3, 1973, pp. 113–120. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/20118902.

Guillen, Nicolas. *Motivos de Son*. 2008th ed., Grupo Editorial Tomo.

Hart, Stephen M. *A Companion to Latin American Literature*. Woodbridge, Suffolk Uk ;Rochester, Ny, Tamesis, 2007.

Machover, Jacobo. “en busca de la identidad perdida.” *Revista De Libros*, no. 23, 1998, pp. 47– 47. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/30228830.

Marquez, Roberto. “Racism, Culture and Revolution: Ideology and Politics in the Prose of Nicolas Guillen.” *Latin American Research Review*, vol. 17, no. 1, 1982, pp. 43 68. *JSTOR*,www.jstor.org/stable/2502940.

McCarthy, Bridie. “Identity as Radical Alterity: Critiques of Eurocentrism, Coloniality, and Subjectivity in Contemporary Australian and Latin American Poetry.” *Antipodes*, vol. 24, no. 2, 2010, pp. 189–197. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/41958696.

Mignolo, Walter D. “Colonial and Postcolonial Discourse: Cultural Critique or Academic Colonialism?” *Latin American Research Review*, vol. 28, no. 3, 1993, pp. 120–134. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/2503613.

Mignolo, Walter D. “Racism as We Sense it Today.” *PMLA*, vol. 123, no. 5, 2008, pp. 1737–1742. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/25501980.

Mignolo, Walter D. “The Global South and World Dis/Order.” *Journal of Anthropological Research*, vol. 67, no. 2, 2011, pp. 165–188. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/41303282.

Mignolo, Walter D. *Local Histories / Coloniality, Subaltern Knowledges, and Border Thinking*. Princeton, Princeton University Press, 2000.

Mignolo, Walter D. *The Darker Side of the Renaissance*. Ann Arbor, Univ. Of Michigan Press,[Ca, 1998.

Mignolo, Walter D., and Michael Ennis. “Coloniality at Large: The Western Hemisphere in the Colonial Horizon of Modernity.” *CR: The New Centennial Review*, vol. 1, no. 2, 2001, pp. 19–54. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/41949278.

Mignolo, Walter. *Capitalismo y Geopolítica Del Conocimiento : El Eurocentrismo y La Filosofía de La Liberación En El Debate Intelectual Contemporáneo*. Buenos Aires, Ediciones Del Signo, 2001.

Quijano, Aníbal, and Danilo De. *Cuestiones y Horizontes : De La Dependencia Histórico-Estructural a La Colonialidad/Descolonialidad Del Poder : Antología Esencial*. Buenos Aires, Clacso, Abril De, 2014.

Quijano, Anibal, and Peggy Westwell. “Imperialism and Marginality in Latin America.” *Latin American Perspectives*, vol. 10, no. 2/3, 1983, pp. 76–85. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/2633460.

Quijano, Anibal. “Colonialidad Del Poder y Clasificación Social.” *Journal of World-Systems Research*, vol. 6, no. 2, 26 Aug. 2000, pp. 342–386, 10.5195/jwsr.2000.228. Accessed 11 May 2019.

Quijano, Aníbal. “Colonialidad Del Poder y Clasificación Social.” *Cuestiones y Horizontes: De La Dependencia Histórico-Estructural a La Colonialidad/Descolonialidad Del Poder*, CLACSO, 2020, pp. 325–70.

Quijano, Aníbal. “Coloniality and Modernity/Rationality.” *Cultural Studies*, vol. 21, no. 2–3, Mar. 2007, pp. 168–178, 10.1080/09502380601164353. Accessed 11 May 2019.

Quijano, Aníbal. “Coloniality of Power and Eurocentrism in Latin America.” *International Sociology*, vol. 15, no. 2, June 2000, pp. 215–232, 10.1177/0268580900015002005. Accessed 11May 2019.

Quijano, Aníbal. “Modernity, Identity, and Utopia in Latin America.” *Boundary 2*, vol. 20, no. 3, 1993, pp. 140–155. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/303346.

Retamar, Roberto Fernández, et al. “Caliban: Notes towards a Discussion of Culture in Our America.” *The Massachusetts Review*, vol. 15, no. 1/2, 1974, pp. 7–72. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/25088398.

Review, vol. 7, no. 3, 2007, pp. 79–101. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/41949566.

Revolution.” *Venezuelanalysis.Com*, 25 Oct. 2018, venezuelanalysis.com/analysis/12734.Accessed 9 May 2019.

Roberto González Echevarría, and Enrique Pupo-Walker. *The Cambridge History of Latin American Literature. Vol. 2, The Twentieth Century*. Cambridge, Uk, Cambridge University Press, 2006.

Said, Edward W. Orientalism. New York: Pantheon Books, 1978. Print.

Satya, Laxman D. “Eurocentrism in World History: A Critique of Its Propagators.” *Economic and Political Weekly*, vol. 40, no. 20, 2005, pp. 2051–55.

Stephen M. Hart. “Vallejo's ‘Other’: Versions of Otherness in the Work of César Vallejo.” *The Modern Language Review*, vol. 93, no. 3, 1998, pp. 710–723. *JSTOR*, www.jstor.org/stable/3736492.

Telles, Edward, and Stanley Bailey. “Understanding Latin American Beliefs about Racial Inequality.” *American Journal of Sociology*, vol. 118, no. 6, 2013, pp. 1559–1595. *JSTOR*,www.jstor.org/stable/10.1086/670268.

Torres, Nelson Maldonado. “Enrique Dussel's Liberation Thought in the Decolonial Turn.”*TRANSMODERNITY: Journal of Peripheral Cultural Production of the Luso-Hispanic World*,13 May 2011, escholarship.org/uc/item/5hg8t7cj.

Wallerstein, Immanuel, and Fernando Cubides (Traductor). “Abrir Las Ciencias Sociales.” *Revista Colombiana de Educación* 32 (1996): n. pag. *Revista Colombiana de Educación*.

Wallerstein, Immanuel. “Eurocentrism and its Avatars: The Dilemmas Of Social Science.” *Sociological Bulletin*, vol. 46, no. 1, 1997, pp. 21–39.

अध्याय 2: स्पेनिश में नस्ल आधारित शिक्षण सामग्री का औचित्य.

हाल के समय में शिक्षाशास्त्र में एक प्रचलन देखने को मिला है की बड़े पैमाने पर विभिन्न विषयों में “शिक्षण” नस्ल और सामाजिक अन्याय के मुद्दों पर आधारित हैं। फिर भी गम्भीर चुनौतियाँ संस्थानों और शिक्षाविदों को परेशान कर रही हैं। भारतीय शैक्षणिक परिदृश्य में एक विदेशी भाषा के साहित्य के रूप में लैटिन अमेरिकी साहित्य के शिक्षण को समस्या की वास्तविक पहचान के संदर्भ में हमेशा गंभीर और चुनौतीपूर्ण निहितार्थों का सामना करना पड़ा है। यह विशेष रूप से हमारे अपने अनुभवों में जाति, पंथ और धर्म के आधार पर सामाजिक भेदभाव की स्थितियों को देखते हुए है। इस प्रकार, यह देखने की आवश्यकता है कि कोई व्यक्ति या सामाजिक गुट अपने साहित्य के माध्यम से ऐतिहासिक रूप से कम प्रतिनिधित्व वाली आबादी के अनुभवों का विश्लेषण करने में मदद करने के लिए एक ज्ञानमीमांसीय और मेथडलाजिकल उपकरण को कैसे स्पष्ट और कल्पना कर सकता है। अंतर-संस्कृतिवाद को अक्सर लोककथाओं और रंगीन

“अन्य ”के रूप में संबोधित किया जाता है जो दूर, विदेशी या आत्मसंतुष्ट धर्मनिष्ठता के दायरे में सबसे अच्छा लगता है। इसलिए वर्तमान शोध प्रस्ताव इस मामले को हल करने का प्रयास करता है।

जैसा अभी तक हमने देखा है, आनिबाल किखानो की अवधारणा कॉलोनिअलिटी ऑफ़ पावर का अनुशरण करना, लैटिन अमेरिका में आधुनिकता कान्क्वेस्ट और उपनिवेशीकरण को ढक देती है क्योंकि स्पेन ने इतिहास से रहित भूमि की हेगेलियन कल्पना पर आधारित अपना लेखन, तर्कसंगतता और ईसाई धर्म लागू किया। किखानो का तर्क है कि लैटिन अमेरिका में उपनिवेशीकरण के बिना आधुनिकता के असंभव थी और यह कि आधुनिक मुख्य रूप से एक राजनीतिक अर्थव्यवस्था बनने से पहले एक ज्ञानमीमांसीय विश्व व्यवस्था थी। इस संदर्भ में, रेस (काले, गोरे , कलर्ड और मेस्टिज़ो) उस नए ज्ञानमीमांसा के पहले निर्माणों में से एक थी। इसलिए नस्ल दुनिया की आबादी के नए समाज की सत्ता की संरचना में रैंक , स्थानों और भूमिकाओं के वितरण की मूलभूत मानदंड बन गई।

एनरिक डुस्सेल बहिष्कृत कलर्ड और काले और हाइब्रिड लोगों के लिए “एथिक्स ऑफ रेस्पॉन्सिबिलिटी” (Dussel, 2013) की बात करते हैं । इसलिए जैसे ही गैर-श्वेत लोगों ने अतीत और वर्तमान की अपनी यादों के माध्यम से आलोचनात्मक विचारों को शुरू किया, वैसे ही विघटन शुरू हो गया क्योंकि वे व्यक्तियों, परिवारों और समुदायों के रूप में अपने जीवन का जायजा लेना शुरू कर देते हैं। उन्हें एक स्वदेशी परिप्रेक्ष्य से इतिहास की समझ पर निर्माण करना था, जो ऐसी स्पष्टता में विकसित हुआ जैसा पहले

कभी नहीं हुआ था , सांस्कृतिक ताकतों पर पुनः दावा और निर्माण करना, अपने नुकसान का शोक और उपचार करना, विशेष रूप से बीसवीं शताब्दी में राष्ट्र-निर्माण एजेंडा की शुरुआत के बाद से। औपनिवेशीकरण ने उन्हें मूक बना दिया था क्योंकि उनकी यादें और उनके इतिहास को हिंसक रूप से मिटा दिया गया था । एनरिक डसेल "देस्कोलोनिसासीओन कुल्तुराल" के बारे में बात करते है और उसकी वकालत करते है या, दूसरे शब्दों में, सांस्कृतिक विघटन/स्वतंत्रता की बात करते हैं। इससे उनका मतलब इतिहास, ज्ञानमीमांसा और सोच को समझने के तरीकों में पूरी तरह से सुधार करना है। जैसा कि उनका तर्क है, मानव विचार/चिंतन के ये सभी क्षेत्र/स्थान पूरी तरह से यूरोकेंद्रित थे जो पांच सौ वर्षों पूर्व 1492 में अमेरिका की तथाकथित खोज के साथ शुरू हुए (Dussel,1994)। यूरोकेंद्रित सभ्यता, यूरोपीय व्यवस्था के मापदण्ड के रूप में थी इनमे से कुछ हैं जैसे इतिहास, राजनीति, अर्थशास्त्र, विज्ञान , साहित्य, संस्कृति ।

डीकोलोनियालिटी, स्वदेशी और गैर-श्वेत लोगों को महत्त्व देता है, क्योंकि यह सचेत रूप से जागरूकता बढ़ाने और गोरों और विशेषाधिकार प्राप्त लोगों के बीच अशिक्षा की प्रक्रिया के बारे में भी है। वर्तमान थीसिस लैटिन अमेरिकी साहित्य की एक संभावित हैंडबुक की दिशा में एक प्रयास है जो इस मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करने के लिए विहित/प्रसिद्ध ग्रंथों से चयनित उद्धरणों का उपयोग करेगा ताकि वंचित अश्वेत की आवाज को प्रमुखता दी जा सके । इस प्रकार जहां एक ओर यह लैटिन अमेरिका में अपने ऐतिहासिक संदर्भ में नस्ल के महत्वपूर्ण सिद्धांत का पता लगाया जायेगा, वहीं

दूसरी ओर, यह अपने साहित्य में कुछ वास्तविक अभ्यास या उसी के लिए एक नया दृष्टिकोण भी शामिल करेगा।

भारतीय आकादमिक संस्थानों में नस्लवाद अथवा जिसे अंग्रेजी में रेसिज्म कहते है लम्बे समय से पढाया जा रहा है। यह विषय मुख्य रूप से कला संकाय के इतिहास, सामाजिक विज्ञान, एवम् साहित्य में पढाया जाता है। इस विषय को लम्बे समय से अन्य विषयों की तरह ही पढाया जा रहा जबकि यह एक ऐसा विषय है जिसे नए दृष्टिकोण से समझने और पढने की आवशयकता है। भारतीय समाज जिसमे हम रहते है, अनेक प्रकार विभिन्नताओं और असमानताओं का समाज हैं । यह समाज न सिर्फ एक जाति आधारित समाज है बल्कि यह कई स्तरों पर धार्मिक, नस्लीय, लिंगीय, आर्थिक, सामाजिक और एथनिक रूप से भी बटा हुआ है (Mittal,2017)।

इस बटवारे की सबसे बड़ी कमी यह है की यह भारतीय समाज को गैर बराबरी के कई स्तर पर बाँटता है। इस गैर बराबरी के कारण हमारे खुद के समाज में सदियों से तथाकथित श्रेष्ठता के वर्चस्व के नाम पर शोषण और अत्याचार होते रहें हैं जो की वर्तमान समय में भी किसी न किसी रूप में जारी हैं। यही गैर बराबरी पर आधारित शोषण और हिंसा हमारे समाज में इतना प्रचलित और व्यापक है कि इस हिंसा का सामान्यीकरण कर दिया जाता हैं। इस हिंसा के सामान्यीकरण के कारण रेस के कांसेप्ट को सही और सटीक तरीके भारतीय समझने में असमर्थ हो जाते हैं। अतः एक रेस केन्द्रित दर्शन पर आधारित पुस्तक की आवश्यकता है जो हमारे कोलोनियल अंधेपन(Mignolo,2000 p 4) को दूर कर सके।

कई दार्शनिकों लैटिन अमेरिकी सामाज में हिंसा के सामान्यकरण की ओर ध्यान आकर्षित किये है। यूरोपीय संदर्भ में, मिशेल फौकॉल्ट सबसे महान लोगों में से एक रहे हैं, जिन्होंने इस प्रक्रिया को थीअराइज़ किया है, विशेष रूप से उनकी किताब डिसिप्लिन और पनिशमेंट में (Foucault,1977)। हिस्पैनिक दुनिया में भी ऐसे कई बुद्धिजीवी हुए हैं जिन्होंने लिखा है कि हिंसा कैसे सामान्य हो गई है, जिससे निरंतर भेदभाव और शोषण होता है। इस संबंध में कुछ महत्वपूर्ण नाम हैं जीन फ्रेंको, आर्टुरो एस्कोबार, एडौर्ड ग्लिसेंट, वाल्टर मिग्नोलो और मारिया लुगोन्स जिन्होंने नस्ल आधारित हिंसा, इसके सामान्यीकरण के बारे में विस्तार से बात की है। उनके लेखन इस तरह के सामान्यीकरण के पीछे की राजनीति को उजागर करते हैं।

वर्तमान थीसिस साहित्य के अत्यधिक विहित ग्रंथों में भी इस तरह के सामान्यीकरण को लक्षित करती है ताकि नस्लवाद को उसकी सभी हिंसा के साथ उजागर किया जा सके। हम अगले अध्याय में देखेंगे कि कैसे औपनिवेशिक लैटिन अमेरिका में हिंसा को सामान्य किया जाता है और यह भी समझेंगे कि इस तरह का सामान्यीकरण उपनिवेशवादियों के हाथों में एक सुविधाजनक उपकरण कैसे बन जाता है।

कोलोंनियल अंधापन क्या है? यह कोलोनियल दिफेरेंस के कारन दिखने लगता है आधुनिकता, उत्तर आधुनिकता और पश्चिमी सभ्यता पर केंद्रित प्रवचनों द्वारा मानव इतिहास के ग्रहों के आयाम को खामोश कर दिया गया। दूसरे शब्दों में, श्वेत इतिहास जो गैर-श्वेत लोगों के इतिहास को उद्देश्यपूर्ण रूप से अनदेखा करता है और अप्रासंगिक

बनाता है। कोलोनियल अंधापन दूर करना क्यों जरुरी है इसकी क्या आवश्यकता है? ऐसा करना इसलिए जरुरी है की सदियों से शोषकों के बनाये गए ऐसे नियम जो अभी भी किसी न किसी रूप में हमारे बीच विद्यमान है, उजागर करने की जरूरत है। हमें ऐसे टेक्स्ट छात्रों के सामने प्रस्तुत करना है जो ये दिखाता हो की कैसे उत्पीड़ित समाज के लोगों ने नस्लवाद के विरुद्ध निरंतर आवाज उठायी है। ये आवाज और संघर्ष न केवल राजनीति में दिखाई पड़ती है बल्कि वो साहित्य में भी दिखाई देता है, उसके राजनितिक सन्दर्भ में राजनीती और साहित्य के बीच में भी एक सम्पर्क, एक संवेदना और एक समझौता है।

लैटिन अमेरिका दुनिया का एक ऐसा हिस्सा है जहाँ पर नस्लवाद और संस्कृति की अवधारण काफी जटिल है क्यूँकि वे राजनितिक भी हैं पूरी दुनिया में जिस प्रकार से नस्लवाद को देखा और समझा जाता है यहाँ पर वो बिलकुल अलग है। इसका मुख्य कारण है यहाँ का सदियों पुराना श्रेणीबद्धता /हाइरार्ककल पर आधारित नस्लवाद हैं जबकि दुनिया के अन्य हिस्सों मुख्य रूप से यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में ये चमड़ी के रंग और शरीर की बनावट पर आधारित होता है।

लैटिन अमेरिका में मौजूद नस्लवाद की प्रकृति के माध्यम से वहाँ के लोगों के संघर्ष और उत्पीड़न को विद्यार्थियों को एक नए दृष्टिकोण से बताया और पढ़ाया जा सकता जो की नस्लवाद के अध्ययन और अनुसन्धान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। बीसवीं सदी का लैटिन अमेरिकी साहित्य नस्लीय विविधता,संघर्ष और शोषण के विभिन्न मुद्दों को संबोधित करने का एक आदर्श अवसर प्रदान करता है। जिस तरह से

समकालीन लैटिन अमेरिकी साहित्य में मानव अधिकारों के संदर्भ में नस्लीय पहचान और नस्लीय भेदभाव के मुद्दों को सम्बोधित करता है उससे विद्यार्थी लैटिन अमेरिका में उपस्थित नस्लवाद की सही और सटीक प्रकृति को जान और समझ सकते हैं।

शिक्षा में साहित्य का महत्त्व, प्रभाव, उपयोगिता और प्रसांगिगता

लघु कथाओं, कविताओं और उपन्यासों में किसी देश और समाज का एक अभिन्न हिस्सा होती हैं जो यह बताती हैं कि वे लोग कौन हैं। वे लोग जिनका इतिहास नहीं लिखा गया हैं जिनकी भाषा उनसे छीन ली गयी हैं उन्होंने अपने इतिहास को अपनी कहानियों में जीवित रखा हैं। साहित्य आने वाली पीढ़ी के लिए अतीत का दस्तावेज होती हैं इन कहानियों में अतीत की घटनाओं को शब्दों में पिरो कर और इसे लिखित शब्द के माध्यम से कैसे व्यक्त किया जाता है। कहानियाँ बहुत ताकतवर और शक्तिशाली होती हैं वे बहुत सारे तत्वों को अपने साथ समेटे रखती हैं जैसे लोग, भूमि, युद्ध, चरित्र, रहस्य, इतिहास, और अनेकों अनेक घटनाएँ जो भूत भविष्य और वर्तमान को एक साथ जोडती हैं। साहित्य मात्र एक कहानी न होकर एक ऐसा दस्तावेज भी है जिसमे अतीत के उन सभी घटनाक्रमों का लेखा-जोखा है जहाँ व्यक्तियों के कुछ समूहों ने कैसे पूरी की पूरी सभ्यताओं नष्ट किया दमन किया और अंत में उन्हें चुप करा दिया, खुद को कैसे मसीहा घोषित किया, इतिहास को कैसे लिखा, सभ्यताओं को हाशिए पर रखने के लिए कैसे उपनिवेशवाद,पूंजीवाद और नस्लवाद को स्थापित किया गया।

आधुनिक समय में साहित्य के प्रभाव को नकारा नहीं जा सकता है। साहित्य प्रत्येक लेखक के लिए अभिव्यक्ति के रूप में कार्य करता है। कुछ किताबें समाज का

दर्पण होती हैं और हमें उस दुनिया को बेहतर ढंग से समझने की अनुमति देती हैं जिसमें हम रहते हैं। हम लेखकों के मानस से उनकी कहानियों के माध्यम से आसानी से जुड़ जाते हैं। हालाँकि, साहित्य मानव संघर्ष जैसे आधुनिक समय के मुद्दों को समझने की आवश्यकता को भी दोहराता है। साहित्य आज शिक्षा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम के रूप में प्रयोग किया जाता हैं जिसकी वजह से आधुनिक समय में साहित्य की प्रासंगिकता काफी बढ़ जाती हैं। दुनिया भर के अधिकांश लोगों के लिए, साहित्य के साथ हमारी पहली गंभीर मुलाकात विद्यालय से होती है। साहित्य पढ़ने-लिखने का अभ्यास बचपन से ही आरम्भ हो जाता है और इसकी शुरुआत कहानियों और कविताओं से होती हैं। एक पृष्ठ पर लिखे गए पात्रों के समूह के साथ सहानुभूति रखने में सक्षम होना स्पष्ट है और एक छात्र के दृष्टिकोण से एक आवश्यक कौशल है। इसके अतिरिक्त, विषयों और संदेशों को समझने की क्षमता हमें सोचने के दूसरे तरीके के लिए खोलती है। पुस्तकें पाठक के लिए मार्गदर्शक हैं और उनके लिए कुछ नया सीखने के लिए एक सेतु का निर्माण करती हैं।

साहित्य मनोरंजन का एक अति प्राचीन माध्यम होने के साथ साथ यह लोगों के जीवन और इतिहास का एक दस्तावेज भी होता है(Pasco, 2004)। साहित्य मानव स्वभाव को दर्शाता है और एक ऐसा तरीका है जिसके माध्यम से हम बहुत कुछ सीख सकते हैं और दूसरों से जुड़ सकते हैं। साहित्य पढ़कर, हम पूरी तरह से एक अलग मानसिकता में खुद को विसर्जित कर सकते हैं और यह पता लगा सकते हैं कि दूसरे कैसे सोचते और महसूस करते हैं। साहित्य के मध्यम से हमारे भीतर दुसरे लोगों के प्रति

सहानुभूति और समझ पैदा होती है। किसी अन्य व्यक्ति के संवाद और अनुभवों में अपने आप को डुबाकर अन्य लोगों की भावनाओं को जाना और समझा जा सकता है। साहित्य विभिन्न क्षेत्रों, जातियों, समाजों और समय की अवधि से जुड़ने में मदद करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। साहित्य लोगों के जीवन के विभिन्न पहलुओं को करीब से देखने में मदद करते हैं जो हमारे उनके बारे में जो दृष्टिकोण बदल सकते हैं.

इतिहास और साहित्य दोनों ही एक दुसरे को आकार देने में एक मौलिक भूमिका निभाते है, हमारे द्वारा पढ़ा गया प्रत्येक उपन्यास, नाटक या कविता राजनीतिक संदर्भ, या एक समय अवधि, या उस समय से एक रिश्ते से प्रभावित होती है जब इसे लिखा गया था । यह एक अद्भुत उपकरण है जो हमें विभिन्न क्षेत्रों और कालखंडो में ले जा सकता है और अन्य लोगों की रचनात्मक विचार प्रक्रियाओं को दिखा सकता है(Kelly, 1974)। उपन्यास ज्ञान, मनोरंजन प्रदान करते हैं, रचनात्मकता को प्रोत्साहित करते हैं और पाठकों के लिए पलायन की पेशकश करते हैं - हमारे जीवन को एक से अधिक तरीकों से समृद्ध करते हैं। वे एक वार्तालाप, एक अनूठी दुनिया और नए दृष्टिकोण बनाते हैं। इतिहास न केवल अतीत का प्रवेश द्वार है, यह हमारे वर्तमान और भविष्य का भी सूचक है। हर समय अवधि के भीतर अलग-अलग लोग और उनके भीतर, हमारी बढ़ती संस्कृति में अलग-अलग चरण होते हैं। पहले प्रत्येक व्यक्ति अपने समय का एक उत्पाद था। एक प्रजाति के रूप में हम हर दिन विकसित होते हैं और उस टाइमस्टैम्प के बिना जो साहित्य हमें देता है, हम अतीत के बारे में कुछ नहीं जान पाएंगे। हम संस्कृति की बेहतर समझ प्राप्त कर सकते हैं और उनकी अधिक सराहना कर सकते हैं। उनके पास

एक अर्थ को जगाने, एक राष्ट्र को सुधारने और पूरी तरह से शाश्वत रहते हुए आंदोलन बनाने की क्षमता है।

साहित्य लोगों की असहमति और झगड़ों के कारणों को उजागर करता है। साहित्य के माध्यम से हम लोगों के ऐतिहासिक पूर्वाग्रह के बारे में जान सकते हैं। इसके माध्यम से ही हम अपने नायकों की ऐसी कहानियों का लेखा-जोखा रख सकते हैं, जिनमें से कुछ को हमने एक बहुत ही महत्वपूर्ण मिशन पर खो दिया था । यह भाषा, संस्कृति और होने के एक तरीके की बात करता है जिसे कोई भी एक व्यक्ति के रूप में उससे दूर नहीं कर सकता है। इसमें कहा गया है कि हालांकि उनकी बात छीन ली गई, लेकिन उन्होंने अपनी आवाज लेखन में ढूंढ ली है और यह आवाज दूसरों को सिखा सकती है। साहित्य सशक्तिकरण के बारे में भी हो सकता है क्योंकि यह हमारी एक छवि को वापस दर्शाता है। विरासत की बात करता है। साहित्य केवल एक समकालीन घटना नहीं है। स्वदेशी लोग हमेशा अपने सपने, भय, दर्शन और औपचारिक प्रथाओं को व्यक्त करते रहे हैं; जो अब यह सिर्फ लिखित शब्द में बदल गया है।

यह अध्याय सामान्य रूप से सांस्कृतिक और नस्लीय अध्ययनों के बीच संबंध और विशेष रूप से मानव अधिकारों को लैटिन अमेरिकी साहित्य में उत्पीड़ित लोगों की आवाज और संघर्ष को कहानी, कविता और उपन्यास के माध्यम से कैसे प्रस्तुत किया गया है उस पर एक विस्तृत चर्चा करता है। लैटिन अमेरिकी लेखक अपने साहित्य में अपने अनुभवों के आधार पर नस्लीय शोषण और उत्पीड़न को प्रकट करने का प्रयास किया है जो की वहां के समाज में विध्यमान मानवाधिकारों की समस्या को उजागर

करता है। यहाँ यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि लैटिन अमेरिका समाज में नस्लवाद और भेदभाव जैसे मुद्दों को पाठ्यक्रम में शामिल करना नस्लवाद के अध्ययन की नयी सम्भावना को जन्म दे सकता है।

बीसवी शताब्दी का लैटिन अमेरिकी साहित्य और नस्लवाद एक मुद्दे के रूप में।

बीसवीं सदी के लैटिन अमेरिकी साहित्य में अफ्रीकी मूल के व्यक्तियों, मूलनिवासियों और मेस्टिज़ो के साथ-साथ विभिन्न समूहों के बहिष्कार, और हाशिए पर धकेल देने की कहानी और भेदभावपूर्ण व्यवहार को दर्शाते हैं, जिन्होंने कई और गंभीर भेदभाव का सामना किया है। लैटिन अमेरिका के मूलनिवासियों और यूरोपीय विजय प्राप्त करने वालों के बीच मुठभेड़ के बाद से एक लंबी और कठिन यात्रा करनी पड़ी है। दो दुनियाओं के बीच की इस मुठभेड़ में, जिसके परिणामस्वरूप एक दूसरे पर प्रभुत्व स्थापित हुआ, ने भी लैटिन अमेरिकी समाजों की विषम संरचना को पहचानने की आवश्यकता को जन्म दिया। इस तथ्य को स्वीकार करने से ही हमारे देशों में विविधता में एकता प्राप्त करना संभव होगा। तभी पहचान के साथ विकास हासिल करना संभव होगा।

हालांकि, सभी साहित्यिक ग्रंथ अलग-अलग लेखकों के हैं परन्तु उनके केंद्र में नस्लवाद एक केंद्रीय मुद्दे के रूप में विध्यमान है और इसका तात्पर्य यह है कि प्रत्येक साहित्य में लेखक एक संकल्प और एक बिस्वास के साथ कुछ ऐसा लिख रहा है जो आने वाली पीढ़ियों के जीवन को सरल और सुगम बना सकता है। साहित्य और मानविकी निस्संदेह नस्लीय भेदभाव और सामाजिक अन्याय के खिलाफ एक हथियार

के रूप में हैं; यह स्वतंत्रता, समानता, मानव अधिकारों और सभी लोगों की वैध आकांक्षाओं की रक्षा का हथियार भी हैं। इस कारण से, बीसवीं सदी का साहित्य जो की कहानी, कविता और उपन्यास के रूप में है एक ऐसी आलोचना प्रस्तुत करता है जिसके माध्यम से कट्टरपंथी राजनीती और शोषण पर आधारित समाज के परिवर्तन की दिशा में एक अनोख़ा कदम हो सकता है। इक्कीसवीं सदी की इस शुरुआत में विद्यार्थियों को एक ऐसा पाठ्यकर्म उपलब्ध कराएं जो समाज के विभिन्न समूहों और उनकी सांस्कृतिक पहचान के बीच संबंधों के लिए नए मॉडल की तलाश करें। विश्वविद्यालय में ऐसी खोज लैटिन अमेरिकी साहित्य और मूलनिवासियों के अधिकारों के अध्ययन पर आधारित हो सकती है। दुनिया का भविष्य उन लोगों का होगा जो नस्लीय, सांस्कृतिक और भाषाई रेखाओं को मिटाने के बारे में सोचते हैं और कार्य कर सकते हैं। ऐसा व्यक्ति बनने की दिशा में पहला कदम यह समझना है कि नस्लीय पहचान, राष्ट्रों, संस्कृतियों और उनके इतिहास के बीच के मूलभूत अंतर को जानने और समझने के योग्य बनना होगा।

एथनिक पहचान और नस्लीय भेदभाव का सामना करने वाले लैटिन अमेरिकी साहित्य का अध्ययन सभी लैटिन अमेरिकी और कैरेबियाई प्रकृति को स्थानीय सांस्कृतिक गवाह और सार्वभौमिक के वाहक के रूप में स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है, जो नस्लीय पहचान के अध्ययन और रक्षा के लिए एक सतत प्रक्रिया की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके जिसके द्वारा अकादमी पाठों और सिद्धांतों व्यापक दृष्टि से जाना और समझा जा सके। विशिष्ट साहित्य लैटिन

अमेरिकी और कैरेबियाई समाज की संरचना और बौद्धिक प्रासंगिकता को बहाल करने का एक तरीका हो सकता है।

भारतीय समाज की असामनता के सन्दर्भ में लैटिन अमेरिकी नस्लवाद

एक बहुसांस्कृतिक समाज में किसी एक विशिष्ट विषय के शिक्षण पर बहुत सी जटिलताओं का सामना करना पड़ता हैं। भारत जैसा देश जिसमे तमाम प्रकार की सांस्कृतिक विभिन्नता है, नस्लवाद जैसे गंभीर विषय के अध्यापन को लेकर तमाम चुनौतियाँ सामने आती हैं। ऐसे में भारतीय परिवेश में जहाँ छात्र और अध्यापक दोनों ही विशेषाधिकार और उत्पीड़न के व्यक्तिगत अनुभवों से भरे हुए हैं एक ऐसी पाठ्यक्रम सामग्री अनिवार्य रूप से तैयार करने की आवशयकता हैं जिसके माध्यम से छात्र और अध्यापक दोनों के आपसी पूर्वाग्रहों को एक तरफ रखकर तार्किक दृष्टिकोण से नस्लवाद जैसे गंभीर मुद्दे को संबोधित किया जा सके।

प्रश्न यह कि क्या भारतीय समाज जहाँ इतनी विभिन्नता है, अध्यापक और छात्र दोनों ही अपनी सुविधा अनुसार विषय को जानते समझते और उसे संबोधित करते हैं । उदहारण के तौर पर, यदि कोई अध्यापक ब्रहामणवादी है, तो वह अपनी श्रेष्ठता को ध्यान में रखते हुए ही नस्ल को संबोधित करेगा । ऐसे में विषय का मूल उद्देश्य अर्थात, (नस्लवाद या जातिवाद) न केवल विलुप्त हो जाता है बल्कि वो अपने कोलोनियल एजेंडा को बनाये रखता है । इस प्रकार से वह नस्लवाद और जातिवाद की वास्तविकता से जान बुझकर या या स्वयं की कोलोनियल अंधापन की चुप्पी और इंकार के दायरे में ही सिमट

कर रह जाता हैं । भारत में असामनता पर आधारित वो संस्थायें जो नस्लवाद की असंवेदनशील व्याख्या के लिए उत्तरदायी हैं उन पर गंभीर चर्चा की आवश्यकता हैं ।

नस्लवाद एक ऐसी धारणा अथवा विश्वास है कि एक रेस/नस्ल दूसरे रेस से श्रेष्ठ है जो अक्सर लोगों के प्रति एथनिसिटी और नस्ल पर आधारित भेदभाव और पूर्वाग्रह की ओर ले जाती लेकिन सीधे शब्दों में कहें तो इन दो श्रेणियों के तहत यह पर्याप्त नहीं है यह अनुचित है। भारत में देखें तो यह बहुत से रूपों और आयामों का एक मिश्रण हैं, जैसे कि जाति, वर्ग, लिंग, धर्म और नस्ल। कभी-कभी नस्लवाद प्रकट नहीं किया जा सकता है परन्तु इसके चेहरे और सिद्धांत हैं । सवाल यह है कि क्या हम इन भेदभाओं और नस्लवादी भेदभाओं में कुछ तुलना नहीं कर सकते हैं? निसंदेह यह एक विवादित प्रश्न है। लेकिन हमारे मुद्दे के लिए, इन विवादों की तरफ ध्यान देना जरुरी है।

यह बहुत ही चिंताजनक विषय है की भारत एक देश जो सदियों तक स्वयं कोलोनिअलिस्म के दौरान नस्लवाद से पीड़ित रहा वहां के खुद के समाज में नस्लवाद की समस्या देखने को मिलती हैं । भारत सरकार और यहाँ के बहुसंख्यक लोग इस बात से इंकार करते हैं की यहाँ के लोग नस्लवादी हैं यदपि भारतीय संविधान पूरी तरह से लोकतांत्रिक है और समस्त भारतीय इसके समक्ष एक सामान है। परन्तु यदि यहाँ के समाचार पत्रों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उत्तर पूर्वी राज्यों के निवासियों और अफ़्रीकी मूल के लोगों के नस्लवादी टिपण्णी और व्यवहार से भरे पड़े हैं। केवल यही नहीं सोशल मीडिया पर भी ऐसे बहुत से वीडियोस और कंटेंट आसानी से उपलब्ध हो जायेंगे जो इस बात की पुष्टि करते हैं की भारतीय समाज में भी नस्लवादी समस्या मौजूद है। उत्तर पूर्वी

राज्यों और अफ़्रीकी मूल के निवासियों की ये हमेशा शिकायत रहती है की भारत के कई हिस्सों में उनके खिलाफ नस्लवादी टिपण्णी की जाती है । उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों को चाउमीन, मोमोम्स, चिंकी, नेपाली इत्यादि जैसे शब्दों से बुलाया जाता हैं वहीँ अफ़्रीकी मूल के लोगों को कालू, कालिया कहा जाता है (BBC, 2011)। उत्तर पूर्वी राज्यों की महिलाओं की ये हमेशा शिकायत रहती है की उन्हें वेश्या और धंदे वाली कहा जाता है इन लोगों को आसानी से किराये पर घर भी नहीं मिलते हैं। अफ़्रीकी मूल के लोगों की छवि ड्रग डीलर , माफिया और इस्मुग्गालर के तौर पर बना दी गयी हैं । भारत में नस्लवादी टिपण्णी और व्यवहार के चलते कई बार अफ़्रीकी मूल के लोगों और उत्तर पूर्वी राज्यों के लोगों की जान भी जा चुकी हैं । इन लोफों के साथ काम के स्थलों पर अच्छा व्यहार नहीं किया जाता फिल्मो और सिनेमा में इनकी छवि एक नौकर और चोकीदार तक ही सिमित है (Singh, 2016)।

भारत में जाति की समस्या और नस्लवादी, दोनों बहुसंख्यक समाज के ताकत का प्रदर्शन करती हैं क्यूंकि कि वे इन व्यवस्थाओं से डिवीज़न ऑफ़ लेबर स्थापित करती है। मनुस्मृति व्यापक रूप से हिंदू धर्म पर सबसे महत्वपूर्ण और आधिकारिक पुस्तक मानी जाती है । मनुस्मृति लगभग ईसा के जन्म से कम से कम 1000 वर्ष पहले की है, जो कि "समाज की व्यवस्था और नियमितता के आधार के रूप में जाति व्यवस्था को स्वीकारती और उचित ठहराती है"(खुदशाह, 2008) । जाति व्यवस्था हिंदुओं को चार मुख्य श्रेणियों में विभाजित करती है - ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। मनुस्मृति के अनुसार यह सभी वर्ण हिंदू देवता ब्रह्मा से उत्पन्न हुए हैं। इन चार वर्णों के बाहर भी एक समूह आता है

जिसे अछूत अथवा दलित कहा जाता हैं इस वर्ग ने सबसे ज्यादा भेदभाव, अलगाव, हिंसा और असमानता का सामना किया है । दलितों अक्सर जबरन सबसे गंदा, नीच और खतरनाक काम सौंपा जाता है, और बहुतों को जबरन और बंधुआ मजदूरी के अधीन किया जाता है। इस प्रचलित बहिष्कार के कारण, अधिकांश दलितों गंभीर गरीबी का सामना करते हैं , उनके पास संसाधनों, सेवाओं और विकास तक सीमित पहुंच है। जातिगत भेदभाव भारत में लाखों लोगों को प्रभावित करता है, भारत में रहने वाले दलितों का राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों का बड़े पैमाने पर उल्लंघन भी शामिल है । जाति व्यवस्था लोगों को असमान और श्रेणीबद्ध सामाजिक समूहों में विभाजित करती है। नीचे के लोगों को अन्य जाति समूहों के लिए 'कमतर इंसान', 'अशुद्ध' और 'प्रदूषणकारी' माना जाता है।

भारत में जातिव्यवस्था की वजह से निचले तबके का इतना शोषण और अत्याचार हुआ की की वो लोग सामाजिक आर्थिक और राजनितिक दृष्टि से इतना पीछे रह गए निचली जातियों की एक बड़ी जनसंक्या अभी भी अपने आप को समाज की मुख्धारा से जोड़ नहीं पाई है । जातिव्यवस्था से भारतीय समाज इतना प्रभावित रहा की वो अभी भी एक आदर्श समाज बनने की राह में काफी पीछे है । भारत में आज भी सभी बड़े आर्थिक और सामाजिक संस्थानों, आकादमिक जगत एवम राजनितिक दुनिया में बड़ी जातियों का दबदबा है । भारतीय संविधान में जाति उन्मूलन को लेकर तमाम कानून बनाये गए हैं , इन सबके बावजूद जाति आधारित शोषण और उत्पीडन अभी भी जारी हैं । इस थीसिस में यह तर्क रखा जा रहा है की एक नस्ल आधारित शिक्षण सामग्री

का न्यायोचित प्राथमिकता इसलिए जरुरी है क्यूंकि यह हमें जाति और नस्ल की ओर ज्यादा संवेदनशील बना सकते हैं और हमें देकोलोनिअलित्य की तरफ ले जा सकते हैं .

जाति को लेकर विमर्श , चिंतन और चेतना के आन्दोलन

जाति उन्मूलन को लेकर भारत के बहुत से दलित चिंतकों ने काम किया है उन में मुख्यरूप से भीमराव अम्बेडकर, ज्योतिबा फुले, पेरियार इत्यादि हैं । भारत में बराबरी को लेकर वामपंथी विचारधारा के लोगों ने काफी काम किया है परन्तु वो मुख्यरूप से वर्ग संघर्ष की बात करते हैं जिसकी वजह से उन पर ये आरोप लगते हैं की वो जातिव्यस्था की सही और सटीक समझ नहीं रखते है । अक्सर उनपर जातिवाद को लेकर सीमित समझ पर सवाल भी उठाए जाते हैं । सत्ताधारी राजनीती वंचित जाति के लोगों पर होने वाले शोषण, अत्याचार, और गरीबी पर बात तो करते हैं लेकिन उनकी (शोषितों) प्रतिनिधित्व अक्सर एक बहुसंख्यक पार्टी के मुद्दे के तले दब जाते हैं ।

वामपंथी दल आरम्भ में जाति को लेकर उतने मुखर नहीं हुए और आरक्षण को लेकर भी उन्होंने बहुत जोर नहीं दिया। सत्तर के दशक में महाराष्ट्र में कुछ युवकों ने मिलकर दलित पेंथर नाम के आन्दोलन की शुरुआत की जिसका मुख्य उद्देश्य दलितों-उत्पीड़ितों के अधिकार और अस्मिता के संघर्ष को इस आंदोलन के मध्यम से आगे बढ़ाना था (Contursi, 1993, page 325)। यह दलितों की केवल आर्थिक उन्नति के लिए शुरू किया गया आंदोलन नहीं था, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों को वास्तविकता में लागू कराने और उनकी स्वाधीनता, समानता और बंधुत्व को सुनिश्चित कराने का आंदोलन था। यह कहना कतई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि दलित पैंथर

आंदोलन ने तत्कालीन सामाजिक-राजनीतिक परिदृश्य में तूफान की तरह अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे जातिगत श्रेष्ठता की थोथी दलील के जरिये दलितों के प्रति अन्याय और उत्पीड़न करने वाली शक्तियों को जबरदस्त चुनौती मिली। इसने सरकार को भी दलितों-वंचितों की समस्याओं के प्रति ध्यान देने को विवश किया।

दलित चेतना के केंद्र में दलित और गैर दलित साहित्य पर विवाद

बीसवी शताब्दी में भारत में बहुत से दलित लेखकों ने अपनी रचनाओं से दलित वर्ग की पीड़ा और संघर्ष को अपने अपने दृष्टीकोण कहा है। इन दलित लेखकों की यह विशेषता हैं इन्होने अपने साहित्य में स्वयं अनुभव किया हुआ जाति उत्पीडन को लिखा हैं । यह अनुभव असमान और गैर बराबरी की सदियों पुरानी व्यस्था के बीच दबा कुचला इन्सान का जाति के विरुद्ध आज़ादी के लिए किये संघर्ष से प्राप्त हुआ हैं। गैर दलित लेखक जब दलितों पर लिखते तब वो एक सहानुभूति के रूप में लिखते हैं और कहानी का अंत एक समझौते के रूप में हो जाता है ।

दलित लेखकों का यह मत है की केवल दलितों द्वारा लिखा साहित्य ही सही मायने में दलित साहित्य है उनका गैर दलित लेखकों पर ये आरोप है की वो लोग दलित उत्पीड़न को समझ ही नहीं पाते हैं और बहुत सारे शहरी उदारवादियों को यह केवल पहचान का मुद्दा नजर आता है। जाने माने दलित पत्रकार उर्मिलेश वामपंथी और गैर दलित लेखकों पर यह आरोप लगते हैं कि "यह लोग डिक्लास तो हो जाते हैं परन्तु डीकास्ट नहीं होते हैं" (जायसवाल, 2021) अर्थात गैर दलित लेखक कहीं न कहीं जाति के पूर्वग्रह से ग्रस्त होतें हैं । दलित लेखक अपने साहित्य में उन सभी धार्मिक मान्यताओं

को नकारते हैं, जो उन्हें तुच्छ और निम्न रखने के लिए सही ठहरातें है । इसके अतिरिक्त अपने लिए वो लोग उन्ही धार्मिक ग्रंथों से अपने नायक को भी खड़ा करते हैं । ऐसे नायक के रूप में महिषासुर, शम्भूक तथा एकलव्य को नए सिरे से खड़ा किया जा रहा है (पाण्डेय, 2017)। आज देश के सभी प्रमुख विश्वविद्यालयों में अधिकांश संख्या में दलित साहित्य पर शोध हो रहा है। यह इस बात का प्रमाण है कि दलित साहित्य अपनी स्वीकृति से आगे बढ़ चुका है ।

अन्य सामाजिक परिस्थिति और संस्कृति सीखने और समझने में बाधक विविधताएं

भारत के वो संस्थायें जो असामनता, शोषण और घृणा के लिए उत्तरदायी हैं वो यहाँ की सामाजिक संरचना का एक अभिन्न अंग बन गयी हैं । यही संस्थायें यहाँ के लोगों का सामाजिक स्तर भी निर्धारित करती हैं । यह संस्थाए भारतीय समाज को दो हिस्सों में बाँटती हैं एक शोषक है तथा दूसरा शोषित हैं यद्यपि कई बार यह स्थान बदलता रहता हैं । उद्धारण के तौर पर एक व्यक्ति जो जातिवादी मानसिकता का है वह अपने देश में दलितों का शोषक हो सकता है परन्तु यदि वही व्यक्ति यूरोप, संयुक्त राज्य अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया या कनाडा की यात्रा पर जाता है तो इस बात की सभावना है की वो नस्लवादी हिंसा या टिप्पन्नियों का शिकार हो जाये । ठीक इसी प्रकार से कोई दलित व्यक्ति भी किसी पूर्वोत्तर राज्य के व्यक्ति के खिलाफ कोई नस्लवादी टिपण्णी

कर सकता हैं । भारत का नागरिक जो शोषक की भूमिका है उसके व्यवहार में वो गुण होंगे जो उसे ताकत प्रदान करते हैं जैसे दुसरे लोगों की तुलना में श्रेष्ट और बेहतर होना।

असमानता की संस्थायें समाज के एक वर्ग के लोगों को विशेषाधिकार देती हैं तो वहीं एक वर्ग को हासिये पर खड़ा कर देती हैं जो उनके शोषण का आधार बनती हैं। ये दोनों ही वर्ग के लोगों के नामो, उनके व्यवसायों, कपड़े और सामाजिक जीवन में दिखाई पड़ती है, यद्यपि कुछ अपवाद भी हो सकतें हैं । इन संस्थाओं के प्रभाव को शिक्षण और शिक्षकों के व्यवहार में भी देखा जा सकता है, और चूँकि यह संस्थाए सदियों पुरानी हैं इसलिए अक्सर इन्हें शिक्षा प्रणाली द्वारा सामान्य कर दिया जाता हैं ।

इस सामान्यकरण के कारण बहुत से शिक्षक इस भेदभाव पूर्ण व्यवहार को पहचान भी नहीं पाते हैं। अध्यापक के वर्चस्व, प्रतिष्ठा ऐसा प्रभाव पड़ता है की प्रश्न पूछने से डरता हैं और कई बार आध्यापक अपने पूर्वाग्रह को छुपाने के लिए स्वयं छात्रों को हतोत्साहित करता हैं, जिसके कारण यह छात्रों के सीखने के अनुभवों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करती है। इस प्रकार यह स्तिथि चिंताजनक बन जाती है क्यूंकि हाशिए की पृष्ठभूमि के छात्र अक्सर उन्ही कथनों पर विश्वास कर लेते हैं जो उन्हें अध्यापकों द्वारा परोसा जाता हैं अतः यह अति आवश्यक है कि उसकी अच्छे से जाँच पड़ताल हो।

सांस्कृतिक मूल्य :और सांस्कृतिक विभिन्नताए किसी भी समाज के सोचने और समझने के तरीकों को प्रभावित करती हैं । जाति, नस्ल, एथनिक समूह, और धर्म के

प्रति पूर्वाग्रह किसी दूसरी संस्कृति को समझने और जानने में बाधा उत्पन्न कर सकते हैं। कक्षा में विविध पृष्ठभूमि के अन्य बच्चों के साथ एक शिक्षक के रूप में सामाजिक-सांस्कृतिक संदर्भ को समझना होगा और इसके प्रति संवेदनशील होना होगा।

प्रत्येक संस्कृति के मूल्य एक संस्कृति के छात्र के सीखने के तरीके को प्रभावित करते हैं। कोई दुनिया के बारे में सीखता है । और अपनी संस्कृति के नियमों और मूल्यों के अनुसार कैसे व्यवहार करता है । शिक्षार्थी इन नियमों को उसी प्रकार कक्षा में लागू करता है। एक शिक्षक के लिए इन मूल्यों और वे किस प्रकार के शिक्षार्थियों का निर्माण करते हैं, के बारे में जागरूक होना महत्वपूर्ण है । सांस्कृतिक मूल्यों में अंतर को ध्यान में रखते हुए, एक शिक्षक को सावधान रहना चाहिए कि किसी छात्र को उसकी जातियता के सांस्कृतिक मानदंड के आधार पर अति-सामान्यीकरण या स्टीरियोटाइप न करें। बल्कि शिक्षक को छात्र को उसकी पृष्ठभूमि को समझने के लिए एक व्यक्ति के रूप में जानना चाहिए जो सीखने को प्रभावित कर सकता है।

भारतीय आकादमिक में रेस/नस्ल को पढाये जाने को लेकर कुछ चुनौतियाँ

भारतीय अकादमिक क्षेत्र में नस्ल से सम्बंधित पाठ्यकर्म को तेयार करना और पढ़ाना एक चुनौती पूर्ण कार्य होने के साथ साथ एक बहुत अधिक आवशयकता वाला भी विषय है । ऐसा इसलिए क्यूंकि भारत सामाजिक विभिन्नताओं से भरा पड़ा है, यहाँ पर बहुत से धर्म हैं जैसे हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, बोध, जैन, पारसी, यहूदी इत्यादि । हिंदी धर्म में चार वर्ण ब्राह्मण क्षत्रिये वेश्य और शुद्र हैं इन चरों वर्णों में बहुत सी जातियाँ

और उपजातियां हैं इसी के साथ साथ बहुत सी अनुसूचित जनजातियाँ भी हैं । लगभग सभी धर्मो में भी अपनी अपनी मान्यताओं के आधार पर दो या अधिक हिस्सों में बटें हुयें है उदाहर्ण के तौर पर इस्लाम शिया और सुन्नी, ईसाई कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट, जैन स्वेताम्बर और पीताम्बर, बौध धर्म में भी हीनयान/थेरवाद, महायान और वज्रयान बौद्ध धर्म में प्रमुख सम्प्रदाय हैं । इन सभी धर्मो में अक्सर अपनी अपनी परम्परों और मान्यताओं को लेकर आपसी टकराव बना रहता रहता है, यह टकराव धर्म , जाति भाषा और सांस्कृतिक स्तर तक होता हैं । इतनी सारी विभिन्नताओं और टकराओं के मध्य कोई व्यक्ति किसी एक विषय को सही और सटीक समझ पाए इसकी सम्भावना बहुत कम रह जाती है ।

जैसा की उच्च शिक्षा के प्रोफेसर माइकलिनोस ज़ेम्बिलास के शब्दों में, " बहुत सी बातें बहुत बुरी तरह से गलत हो सकती हैं“ "So many things can go horribly wrong” (Zembylas, 2012, page 120) ।इसलिए सही और सटीक पाठ्यक्रम सामग्री अपने और समाज के बारे में छात्र की गहरी धारणाओं और बिस्वासों को चुनौती दे सकती है । इस पाठ्यकर्म के मध्यम से यह सवाल भी उठाया जा सकता है की नस्ल से सम्बंधित मुद्दों और विषयों पर बोलने, पढ़ाने और सीखने का अधिकार किसके पास है ।

भारत में सामाजिक संरचना इतनी जटिल है की अनुभवी शिक्षकों को भी नस्लवाद पढ़ते समय भ्रम और दुविधा हो सकती हैं । कई बार कक्षा में विद्यार्थी प्रत्यक्ष या अप्रतक्ष्य रूप से नस्लवादी , दुसरे समुदाय के खिलाफ अनुचित शब्द , जातिवादी

शब्दों का प्रयोग या आक्रामक टिप्पणियों या व्यवहार करते हैं जो की उन्होंने समाज में अनचाहे रूप में सिख लिया है । ऐसे में कई बार अध्यापक स्वयं ऐसे व्यवहार को चुनौती नहीं दे पाते और कोई प्रतिक्रिया देने से बचते हैं । नस्लीय न्याय को प्रभावी ढंग से सिखाने के लिए और उसकी चुनौतियों को देखते हुए, Lichty & Palamaro-Munsell ने निष्कर्ष निकाला, "हमें ठोस रणनीतियों की आवश्यकता है"। नैतिक रूप से उन मानसिक तनाव के साथ बैठना जो हमारी पहचान, हमारे इतिहास, शक्ति और विशेषाधिकार के खिलाफ दबाव डालते हैं । हमें ऐसी रणनीतियों की आवश्यकता है जिससे कक्षा में संवाद और सजगता को बढ़ावा मिले तथा सभी छात्रों को असुविधा कम से कम हो (2017, P-9) ।

प्रस्तावित शिक्षाशास्त्र/ मॉड्यूल का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक रचनाओं के माद्यम से उन तरीकों का विश्लेक्षण करना है जिसके केंद्र में रेस/नस्ल को रखकर ज्ञान के वर्चस्व को पूरी दुनिया में स्थापित किया गया, इस मॉड्यूल के केंद्र में अस्तित्व, अस्मिता, सम्मान और संस्कृतिक दृष्टिकोण को ताकतवर बनाते हुए मुक्ति एवं स्वतंत्रता पर जोर देना है । इसी प्रकार, हिंसा और वर्चस्व का विखंडन करते हुए चिंतनशील आलोचनात्मक परिप्रेक्ष्य के विचार की भी समीक्षा करना है । ज्ञान के पारंपरिक तरीकों को तोड़ना, और लोकप्रिय यूरोकेंद्रित आख्यान को चुनौती देना, कोलोनियलटी ऑफ़ पॉवर को पोषित करने वाले लोगों के उद्देश्यों और प्रथाओं को नष्ट करने का प्रयास करना हैं ।

आज भी हमारे जीवन, हमारे कार्यस्थलों और हमारे समुदायों में रेस/नस्ल पर आधारित अन्याय कायम हैं,समाज के विभिन्न तबकों से आने वाले विद्यार्थी इस अन्याय और गैर बराबरी की जटिलताओं को नहीं समझ पातें हैं । हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम नस्ल और समानता की जटिलताओं को समझें और सक्रिय रूप से नस्लवाद को नए दृष्टिकोण से देखने और समझने की क्षमता विकसित करने का प्रयास करें। उच्च शिक्षा के संस्थान में, ज्ञान, वर्चस्व, संस्कृति के उद्भव और विकास की उन जड़ों तक पहुंचे जो ग्लोबल साउथ में फ़ैल चुकी है।अतीत के अन्याय से छात्रों का साहित्य के माध्यम से परिचय कराना ताकि विद्यार्थी आसपास के लोगों, संस्थानों और समुदायों पर नस्लवाद के प्रभाव को पहचान पायें । कक्षा की चर्चाओं में रेस/नस्लवाद और समानता से संबंधित अतीत की घटनाओं के माध्यम से छात्रों को विचारशील बनाना हैं ताकि वे पूर्वाग्रह और नस्लवाद की पहचान कर सकें और उन्हें संबोधित कर सकें।

वर्तमान संदर्भ में 'स्वयं को गुलामी अथवा उपनिवेश से मुक्त' करने का क्या अर्थ है और मौजूदा सिद्धांत हमें इस आंदोलन को बेहतर ढंग से समझने में कैसे मदद कर सकते हैं। मुक्ति और स्वतन्त्रता के सवालों को केंद्र में रखकर बीसवी शताब्दी के लैटिन अमेरिकी साहित्य को आनिबाल किखानो, वाल्टर डी मिग्नोलो और एनरिके दुस्सेल की फिलोसफी ऑफ़ देकोलोनियटी के माद्यम से नस्लवाद, साम्प्रय्दयिकता, अलगाववाद, तथा आर्थिक पूँजीवाद के बारे विद्यार्थियों को परिचित कराना साथ ही साथ स्वतन्त्रता, समानता , सामाजिक न्याय, वर्णविहीन, वर्गविहीन समाज की स्थापना के लिए प्रेरित करना । विद्यार्थियों को यह समझने की जरुरत है की उपनिवेशवादियों की जगह लेने

वाले देशी अभिजात वर्ग अभी भी विशेषाधिकार और शोषण की संस्थाओं की ठीक उसी संरचना से चिपके हुए हैं और बनाए हुए । यदि हमें अपने आप को हर प्रकार की गुलामी से मुक्त करना चाहते है, तो हम अपने विचारों को मन में दबाकर ऐसा नहीं कर सकते हैं; हमें उन्हें ज़ोर से कहने और उनके आधार पर बातचीत शुरू करने की ज़रूरत है।

विद्यार्थियों को साहित्य के मध्यम से पश्चिमी देशों द्वारा लागू किये गए तर्क और ज्ञान के बीच घनिष्ठ संबंध को समझाने का प्रयास करना है। विद्यार्थी खुद को कैसे पश्चिम द्वारा थोपे गए ज्ञान की संरचना से 'अलग' कर सकता है, और फिर अपने सोचने, बोलने और जीने के तरीकों को 'पुनर्गठित' कर सकता है जिसका प्रयोग वह 'प्रैक्सिस' के रूप में कर सकता है । यूरोकेंद्रित पाठ्यक्रम को समाप्त कर नए पाठ्यकर्म के मध्यम से हमें यह भी ध्यान देना है कि हम न केवल उपनिवेशी संरचना को समाप्त करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, बल्कि हम पूर्व औपनिवेशिक साम्राज्य में उच्च शिक्षा संस्थानों में स्थित छात्रों, शोधकर्ताओं और शिक्षकों के रूप में 'खुद' को भी अलग कर रहे हैं।

इस पाठ्यक्रम के माध्यम से हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों की दृष्टिकोण को विकसित एवं विस्तृत करना है, संवेदनशीलता, सहानुभूति और मानवता के संदर्भ में। उस दृष्टिकोण का निर्माण करने के लिए हमें अतीत को देखना होगा और यह स्वीकार करना होगा कि खुद का इतिहास एवं साहित्य के माध्यम से कैसे अपने पैरों में पड़ी बेड़ियों को पहचाना और तोडा जा सकता है । यदि हम अपने इतिहास से परिचित हैं, तो हम अपनी आवाज उठा पाएंगे उस अन्याय और शोषण के विरुद्ध जो सदियों से किसी एक विशेष वर्ग पर नस्लवाद के नाम पर होता रहा है। साहित्य के माध्यम से हम समस्या की जड़

तक पहुँच सकते हैं और ऐसी रणनीति बना सकते है जो आने वाली पीढ़ी को उस संघर्ष और उत्पीड़न से बचा सकती है जिसे हमारे पूर्वजों ने झेला है। यह विश्वास आने वाली पीढ़ियों के अंतःकरण में बजता रहना चाहिए जो अन्याय हमारे पूर्वजों ने सहा है उसे फिर कभी दोहराया नहीं जायेगा। यह उन पीड़ितों की इच्छा है जो अपनी पहचान और अपनी गरिमा की पहचान की मांग करते हैं। हमारे पूर्वजों ने अतीत में अपनी भूमिका निभाई है अब हमारी बारी है की इस परम्परा को आगे लेकर जाएँ। हम सभी को भविष्य में अपना स्थान लेना चाहिए। हालाँकि, अतीत द्वारा छोड़ी गई चोटें हमें वर्तमान अन्याय का सामना करने से नहीं रोक सकतीं। हमें आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को गिरवी नहीं रखना चाहिए।

REFERENCES:

Beltz, Johannes. Mahar, Buddhist and Dalit: Religious Conversion and Social Political Emancipation. Manohar Publishers and Distributors, 2005.

Bora, Papori. “The Problem Without a Name: Comments on Cultural Difference (Racism) in India.” South Asia: Journal of South Asia Studies 42.5 (2019): 845–860. South Asia: Journal of South Asia Studies. Web.

Chandran, Manju. “The Shameful History of Racism in Bollywood.” *EasternEye*, 25 June 2020, https://www.easterneye.biz/the-shameful-history-of-racism-in-bollywood/.

Chatterjee, Arnab. “Survival, Struggle and Identity in Dalit and Afro-American Literature.” *Deleuzian and Guattarian Approaches to Contemporary Communication Cultures in India*. Springer Singapore, 2020. 191–

205. *Deleuzian and Guattarian Approaches to Contemporary Communication Cultures in India*. Web.

Chetty, Naganna, and Sreejith Alathur. “Racism and Social Media: A Study in Indian Context.” *International Journal of Web Based Communities* 15.1 (2019): 44–61. *International Journal of Web Based Communities*. Web.

Contursi, Janet A. “Political Theology: Text and Practice in a Dalit Panther Community.” *The Journal of Asian Studies*, vol. 52, no. 2, 1993, pp. 320–39.

Dattatreyan, Ethiraj Gabriel. “Desiring Bollywood: Re-Staging Racism, Exploring Difference.” *American Anthropologist* 122.4 (2020): 961–972. *American Anthropologist*. Web.

Dover, Alison G. “Teaching for Social Justice and the Common Core: Justice-Oriented Curriculum for Language Arts and Literacy.” *Journal of Adolescent and Adult Literacy* 1 Mar. 2016: 517–527. *Journal of Adolescent and Adult Literacy*. Web.

DuBois, Marc. “The Governance of the Third World: A Foucauldian Perspective on Power Relations in Development.” *Alternatives: Global, Local, Political*, vol. 16, no. 1, 1991, pp. 1–30. *JSTOR*, http://www.jstor.org/stable/40644700.

Dussel, Enrique. “1492 El Encubrimiento Del Otro.” *Endocrinology and metabolism clinics of North America* 1994: 451–466. Print.

Dussel, Enrique. *Ethics of Liberation: In the Age of Globalization and Exclusion*. Edited by Alejandro A. Vallega, Translated by Eduardo Mendieta et al., Duke University Press, 2013.

Escobar, Arturo. “Development, Violence and the New Imperial Order.” *Development* 47.1 (2004): 15–21. *Development*. Web.

Escobar, Arturo. “Imagining a Post-Development Era? Critical Thought, Development and Social Movements.” *Social Text*, no. 31/32, 1992, pp. 20–56. *JSTOR*, https://doi.org/10.2307/466217.

F, Charles Hegel, J Sibree, Carl J**.** Friedrich, and J Sibree. The Philosophy of History. New York: Dover Publications, 1956.

Fernandes, Walter. "The emerging dalit identity: The reservation of the subalterns." *New Delhi: ISI Publication* (1996).

Foucault, Michel, 1926-1984. *Discipline and Punish : the Birth of the Prison*. New York :Pantheon Books, 1977.

Franco, Jean. “From Modernization to Resistance: Latin American Literature 1959-1976.” *Latin American Perspectives*, vol. 5, no. 1, 1978, pp. 77–97. *JSTOR*, http://www.jstor.org/stable/2633340.

Franco, Jean. *An Introduction to Spanish-American Literature*. Cambridge University Press, 2000.

Gokhale-Turner, Jayashree B. “The Dalit Panthers and the Radicalisation of the Untouchables.” *The Journal of Commonwealth & Comparative Politics* 17.1 (1979): 77–93. *The Journal of Commonwealth & Comparative Politics*. Web.

Hoagland, Sarah Lucia. “Aspects of the Coloniality of Knowledge.” *Critical Philosophy of Race* 8.1–2 (2020): 48–60. *Critical Philosophy of Race*. Web.

Jackson, Shirley A. “Theorizing Race, Class, and Gender Studies.” *Routledge International Handbook of Race, Class, and Gender* 1 Jan. 2014: 1–2. *Routledge International Handbook of Race, Class, and Gender*. Web.

Jefferson, Antonette. “The Rhetoric of Revolution: The Black Consciousness Movement and the Dalit Panther Movement.” *The Journal of Pan African Studies* 2.5 (2008): 46–59. *The Journal of Pan African Studies*. Web.

Kelly, R. Gordon. “Literature and the Historian.” *American Quarterly*, vol. 26, no. 2, 1974, pp. 141–59. *JSTOR*, https://doi.org/10.2307/2712232. Accessed 20 Jun. 2022.

Kikon, Dolly. “Dirty Food: Racism and Casteism in India.” *Ethnic and Racial Studies* 45.2 (2022): 278–297. *Ethnic and Racial Studies*. Web.

L. Gabrielsen, Ida, Marte Blikstad-Balas, and Michael Tengberg. “The Role of Literature in the Classroom: How and for What Purposes Do Teachers in Lower Secondary School Use Literary Texts?” *L1 Educational Studies in Language and Literature* 19, Running Issue.Running Issue (2019): 1–32. *L1 Educational Studies in Language and Literature*. Web.

Lichty, Lauren F., and Eylin Palamaro-Munsell. “Pursuing an Ethical, Socially Just Classroom: Searching for Community Psychology Pedagogy.” *American Journal of Community Psychology* 60.3–4 (2017): 316–326. *American Journal of Community Psychology*. Web.

Lugones, María, and Joshua Price. “The Inseparability of Race, Class, and Gender in Latino Studies.” *Latino Studies* 1.2 (2003): 329–332. *Latino Studies*. Web.

Mehra, Parmod Kumar, ed. *Literature and social change: emerging perspectives in Dalit literature*. Kalpaz Publications, 2015.

Mignolo, Walter D. “The Geopolitics of Knowledge and the Colonial Difference.” *South Atlantic Quarterly* 101.1 (2002): 56–96. *South Atlantic Quarterly*. Web.

Mittal, Sushil, and Gene Thursby, editors. *Religions of India: An Introduction*. 2nd ed., Routledge, 2017.

Narang, Harish, ed. *Writing Black, Writing Dalit: Essays in Black African and Dalit Indian Writings;[proceedings of the National Seminar on Black and Dalit Writings, Held at Shimla in 1997]*. Indian Institute of Advanced Study, 2002.

Narayan, Badri. *Documenting dissent: Contesting fables, contested memories, and Dalit political discourse*. Indian Institute of Advanced Study, 2001.

NAZİR, Thseen, and Liyana THABASSUM. "THE ROLE OF SOCIAL SYSTEMS IN THE CONCEPTION AND PERPETUATION OF BULLYING CULTURE IN INDIA." International Journal of Current Approaches in Language Education and Social Sciences (2021): 69–82. International Journal of Current Approaches in Language Education and Social Sciences. Web.

Omvedt, Gail. *Dalit visions: The anti-caste movement and the construction of an Indian identity*. Orient Blackswan, 2006.

Pandey, Aditya. "4 Racist Stereotypes Bollywood Shows towards the World, Proving We're Equally Flawed." *MensXP*, 21 Apr. 2021, https://www.mensxp.com/special-features/features/79528-racism-in-bollywood-stereotypes-that-the-indian-film-industry-shows-in-their-films.html.

Pasco, Allan H. "Literature as Historical Archive." *New Literary History*, vol. 35, no. 3, 2004, pp. 373–94. *JSTOR*, http://www.jstor.org/stable/20057844. Accessed 20 Jun. 2022.

Rai, Rohini. "From Colonial 'Mongoloid' to Neoliberal 'Northeastern': Theorising 'Race', Racialization and Racism in Contemporary India." *Asian Ethnicity* 23.3 (2022): 442–462. *Asian Ethnicity*. Web.

Rajgopal, Shoba Sharad. "Dalit/Black Solidarity: Comrades in the Struggle for Racial/Caste Justice." *South Asian Popular Culture* 19.1 (2021): 81–86. *South Asian Popular Culture*. Web.

Rawat, Ramnarayan. “Genealogies of the Dalit Political: The Transformation of Achhut from ‘Untouched’ to ‘Untouchable’ in Early Twentieth-Century North India.” *Indian Economic and Social History Review* 52.3 (2015): 335–355. *Indian Economic and Social History Review*. Web.

Ruman Sutradhar. “Dalit Movement in India: In the Light of Four Dalit Literatures.” *IOSR Journal of Dental and Medical Sciences* 13.4 (2014): 91–97. *IOSR Journal of Dental and Medical Sciences*. Web.

Sharma, Pradeep K. *Dalit politics and literature*. Shipra Publications, 2006.

Singh, Maanvender. “Relentless Racism Never End.” *Countercurrents.Org*, 7 Sept. 2016, https://countercurrents.org/2016/09/relentless-racism-never-end/.

Sium, Aman, and Eric Ritskes. “Speaking Truth to Power: Indigenous Storytelling as an Act of Living Resistance.” *Decolonization. Indigeneity, Education & Society* 22.1 (2013): I–X. Print.

Sundiata, Ibrahim K. “Caste, The Origins of Our Discontents: A Historical Reflection On Two Cultures.” *CASTE / A Global Journal on Social Exclusion* 2.1 (2021): 17–29. *CASTE / A Global Journal on Social Exclusion*. Web.

Syeed, Esa. “Conflict between Covers: Confronting Official Curriculum in Indian Textbooks.” Curriculum Inquiry 48.5 (2018): 540–559. Curriculum Inquiry. Web.

Webster, John CB. *Religion and Dalit liberation: An examination of perspectives*. Manohar, 1999.

Wilkerson, Isabel. *Caste: The Origins of Our Discontents*. , 2020. Print.

Wilkins, Burleigh Taylor. *Hegel’s Philosophy of History*. Cornell University Press, 1974.

Zembylas, Michalinos. “Pedagogies of Strategic Empathy: Navigating through the Emotional Complexities of Anti-Racism in Higher Education.” *Teaching in Higher Education* 17.2 (2012): 113–125. *Teaching in Higher Education*. Web.

सन्दर्भ सूचि:

"वीरेन्द्र सिंह यादव का आलेख - दलित चिन्तन : संघर्ष और मुक्ति के नये क्षितिज." रचनाकार, https://www.rachanakar.org/2010/08/blog-post_2176.html. Accessed 24 June 2022.

BBC News हिंदी. "कोई चिकन मोमोज़, तो कोई चाउमिन पुकारता है." *BBC*, BBC News हिंदी, 8 Nov. 2011, https://www.bbc.com/hindi/india/2011/11/111108_northeast_ml.

एंगडे,सुरज. "जातिवाद की जहरीली फसल." *Https://Caravanmagazine.in/Essay/Race-Caste-and-What-It-Will-Take-to-Make-Dalit-Lives-Matter-Hindi*, June 2021.

कुमार,राजेश. "दलित अस्मिता : पृष्ठभूमि और विकाश." *International Journal of Hindi Research*, vol. 2, no. 4, July 2016, pp. 71–73.

खुदशाह, संजीव. "डॉ. आंबेडकर ने मनुस्मृति का दहन क्यों किया?" फॉरवर्ड प्रेस, 25 Dec. 2018, https://www.forwardpress.in/2018/12/ambedkar-manusmriti-dalits-obc-tribes/.

जायसवाल,विशाल. "भारत के प्रगतिशील और उदारवादियों की समस्या है कि वे अपना घेरा तोड़कर समाज के बीच नहीं जाते." *The Wire - Hindi*, 5 Aug. 2021, https://thewirehindi.com/180878/caste-society-media-ghazipur-mein-christopher-caudwell-urmilesh/.

पाण्डेय, अनुराग कुमार. "दलित मिथक और वर्चस्व की वैचारिकी." *RESEARCH GURU* , vol. 11, no. 3, 2017.

रावत,विद्या भूषण. "जाति, नस्ल और रंग की बीमारी से गंभीर रूप से ग्रस्त भारतीय समाज." सबरंग, July 2017, https://hindi.sabrangindia.in/article/increased-religious-intolerance-india.

वाल्मीकिओमप्रकाश. दलित साहित्य का सौन्दर्यशास्त्र. राधाकृष्ण प्रकाशन, 2005.

अध्याय 3:ज्ञानमीमांसात्मक उलंघन:आलोचनात्मक सोच के कुछ वैचारिक मुद्दे

हर देश और समाज में शोषित, गुलाम और हासिये पर धकेल दिए गए लोगों को जब शोषण से मुक्ति मिलती है तब वे लोग अपने समाज, इतिहास और संस्कृतियों का मूल्यांकन करते हैं। लैटिन अमेरिकी देशों में डीकोलोनियालिटी के साथ-साथ ही ज्ञानमीमांसात्मक उलंघन (एपिस्टीमिक डिसोबीडीअन्स) की उत्पत्ति हुयी जैसा कि विभिन्न इन्डिजनस साहित्यों में, कैपोएरा में, उनके चित्रों आदि में देखा जा सकता है।

नस्लवादी सोच इन्डिजनस और अश्वेत जानो को राष्टीय और सभ्य सामाजिक सीमान्त से बाहर रखना चाहते हैं । देश के गठन में अश्वेत लोगों की कोई हिस्सेदारी नहीं होनी चाहिए उनकी नागरिकता की स्थिति से इस तरह से समझौता किया जाता है कि उनके अपमान और उनके खिलाफ मानवाधिकारों के उल्लंघन को सुनिश्चित किया जा सके।

लैटिन अमेरिका में नस्लवाद या रंगभेद एक बहुत ही गंभीर मुद्दा रहा है जिसपे लम्बे समय से बहस चल रही है। बीसवी सदी के लैटिन अमेरिकी केनन में यह बहस बहुत

प्रचलित रही है जिसके केंद्र में यह मुद्दा रहा की क्या लैटिन अमेरिका में नस्लवाद को किस तरह से समझा जा सकता है?। अलग-अलग विचारकों और लेखकों की इस पर अलग-अलग राय है लेकिन इनमें से कुछ ग्रंथों को पढ़ने से यह पता चलता है कि विभिन्न सामाजिक और बौद्धिक अनुभव के माध्यम से नस्लवाद और एपिस्टीमिक उल्लंघन कैसे व्यक्त किया जाता है। यह अध्याय इस शोध का औचित्य है और इसलिए सबसे पहले एपिस्टीमिक उल्लंघन के वैचारिक मानचित्र को समझना महत्त्वपूर्ण है।

लैटिन अमेरिकी साहित्य में यह नए विचार नए मुद्दों और नए दृष्टिकोनो को जन्म देते हैं। यह सभी विचार उन प्रश्नों का उत्तर तलाशने की कोशिश करते हैं जिनके आधार पर समाज के एक बड़े वर्ग को हासिये पर धकेल दिया गया और उनके प्रतिनिधित्व को समाप्त कर दिया गया। समानता और आत्मसम्मान को स्थापित करने की परिक्रिया में पहले से व्याप्त विचारों को जो काफ़ी हद तक यूरोपीय शोषकों और उनकी बनायीं हुयी संस्थाओं की देन थे उनका खंडन किया गया। शोषण की संरचनात्मक संस्थाओं पर वैचारिक हमले किया गए और शक्ति (पावर) को स्थापित और प्रमाणित करने वाले ज्ञान की नए सिरे से व्याख्या की गयी।

आनिबाल किखानो के डीकोलोनियालिटी इस विचार पर आधारित है कि उपनिवेश क्रूर था कि उसने ख़ुद को कई स्तरों पर लोगों को प्रभावित किया, और यह कि किसी भी समाज में उपनिवेशवादी ताकतों के चले जाने पर भी यह पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है । लोगों को उनकी इच्छा के अधीन करने के लिए, औपनिवेशिक ताकतों ने सैन्य शक्ति, यातना और हिंसा के अन्य रूपों का इस्तेमाल किया। लेकिन उस

शक्ति को बनाए रखने के लिए, उन्होंने सामाजिक पदानुक्रम और विचारधाराओं की स्थापना की, जो दूसरों को बदनाम करते हुए अपने स्वयं के हितों को केंद्रीकृत करते हैं। देशी भाषाओं, धर्मों और सांस्कृतिक प्रथाओं को मना किया गया था, अक्सर कारावास या मृत्यु के जोखिम पर और (यूरोसेंट्रिक) शिक्षा को कुछ चुनिंदा लोगों को छोड़कर सभी के लिए अस्वीकार कर दिया गया था।

आनिबाल किखानो की थ्योरी इस बात को स्पष्ट कर देती है कि साम्राज्यवाद और उपनिवेशवाद ने उपनिवेशित लोगों को पूरी तरह से अस्त-व्यस्त कर दिया, उन्हें उनके इतिहास, उनके परिदृश्य, उनकी भाषाओं, उनके सामाजिक संबंधों और उनके सोचने, महसूस करने और दुनिया के साथ बातचीत करने के अपने तरीकों से अलग कर दिया। उपनिवेशवाद मानता है कि सांस्कृतिक साम्राज्यवाद के इन रूपों के प्रभाव को उन लोगों के लिए पूर्ववत किया जाना चाहिए जो औपनिवेशिक उत्पीड़न से मुक्त या वंशज हैं।

आंबेडकर और पाउलो फ्रेइरे की शिक्षा का सन्देश वंचितों की मुक्ति का साधन

भारत में वंचित, दलित और महिलाओं के अधिकारों और बराबरी की लडाई लड़ने वाले डॉक्टर आंबेडकर को एक मसीहा का दर्जा प्राप्त है । उन्हें भारत के संविधान निर्माता के साथ-साथ समता और समानता की लड़ाई लड़ने वाले एक महान सामाजिक सिद्धांतकार के रूप में भी जाना जाता है । अम्बेडकर अपने लेखों, पुस्तकों, पत्रिकाओं और उनके द्वारा प्रकाशित समाचार पत्रों के माध्यम से पूरी दुनिया में अपने आप को एक महान विचारक के रूप में स्थापित करते हैं। पाउलो फ्रेइरे ब्राज़ील के एक

महान शिक्षाविद् है जो वंचितों और गरीबों की मुक्तिपरक शिक्षा के लिए जाने जाते हैं। यह दोनों ही व्यक्ति विकासशील देशों की सामाजिक और राजनितिक क्षेत्रों में बहुत लोकप्रिय और प्रतिष्ठित रहें हैं। विशेष रूप से उत्पीड़ित समूहों के बीच जो मान्यता और सामाजिक न्याय के लिए लड़ रहे हैं।

आज के समय में जब दुनिया भर से पीड़ित समुदाय उभर रहे हैं और शोषण के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद कर रहें हैं ऐसे में इनके विचारों पर चर्चा की आवशयकता है । गरीबों और वंचितों की दुनिया में न्याय, समानता और मानव की वर्तमान धारणाओं के संदर्भ में इन दोनों व्यक्तियों के विचारों की क्या प्रासंगिकता है इस पर एक तुलनात्मक विश्लेषण करना अति महत्त्वपूर्ण होगा कि कैसे इनके विचार और सिन्धांत वंचितों की लड़ाई में एक महत्त्वपूर्ण औजार का काम करते हैं। भारत की एक बड़ी दलित आबादी आज भी जातिगत अस्पृश्यता और शोषण का सामना प्रतिदिन कर रही है । यह लोग आज भी आर्थिक, सामाजिक और राजनितिक समानता के लिए संघर्ष कर रहें हैं।

19वीं शताब्दी के उत्तरार्ध में समाज सुधारकों ने अपनी पुस्तकों के माध्यम से ब्राह्मणवादी कर्मकांडों पर तीखा प्रहार किया था। ज्योतिराव फुले की गुलामगिरी उनमें से एक थी। दक्षिण में, पेरियार और नारायण गुरु ने वर्ण व्यवस्था के खिलाफ बिगुल बजाया। कुछ दशकों बाद अम्बेडकर आते हैं जो अपने आंदोलनों और लेखन से ब्राह्मणवाद पर पुरजोर हमला करते हैं और वह दलित समुदायों की समानता और दलित गरिमा के लिए संघर्ष करने वाले नायक बन जाते हैं। जाति उन्मूलन के अपने संघर्ष में

अम्बेडकर का मोहनदास गांधी से तनावपूर्ण सम्बंध रहें। अम्बेडकर जाति के पूर्ण विनाश का आग्रह करते हैं और गांधी इसके संरक्षण के लिए बहस करते हैं। गांधी ने अछूतों का नाम बदलकर "हरिजन" (भगवान के बच्चे) कर दिया, लेकिन दलितों ने "हरिजन" के लिए इस नामकरण को खारिज कर दिया था ।

फ्रेइरे की शिक्षा के सिन्धांत है ऐसे स्थान बनाना जहाँ न्याय और आशा की अवधारणाएँ उभरती हैं और क़ायम रहती हैं, दलित नेतृत्व के लिए फ्रेइरे की यह नीतियाँ अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। फ्रेइरे और अम्बेडकर दोनों ही अपने विचारो में अत्यंत क्रांतिकारी है जिसके कारण इन दोनों लोगों को अपने ही देश में लोगों की आलोचनाओ का सामना करना पड़ा।

अम्बेडकर का मानना था कि शिक्षा लोगों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने का सबसे महत्त्वपूर्ण साधन है। उनका मानना था कि दलितों और वंचितों की मुक्ति का रास्ता शिक्षा से होकर ही जाता है। उनका नारा था "शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो"। हालाँकि, शिक्षा पर उनके विचारों को दलित मुक्ति के लिए उनके मौलिक कार्यों से ग्रहण किया गया था। "शिक्षित बनो" उनके प्रसिद्ध नारे का पहला शब्द है जिसका अर्थ यह हुआ कि मानव चरित्र और चेतना के निर्माण में शिक्षा की निर्विवाद भूमिका है। एक शिक्षित व्यक्ति ही अपने वर्ग हितों को समझ सकता है और वर्ग एकता ला सकता है। शिक्षा व्यक्ति को संघर्ष के पथ पर अग्रसर करती है। डॉ अम्बेडकर ने कहा, "शिक्षा ही व्यक्ति को निडर बनाती है, उसे एकता का पाठ पढ़ाती है उसे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करती है और अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने के लिए

प्रेरित करती है"। उनका मानना था कि शिक्षा एक आंदोलन है। यदि यह अपने उद्देश्यों को पूरा नहीं करता है, तो यह बेकार है। डॉ अम्बेडकर ने स्पष्ट रूप से कहा कि जो शिक्षा किसी व्यक्ति को सक्षम नहीं बनाती है, जो उसे समानता और नैतिकता नहीं सिखाती है, वह सच्ची शिक्षा नहीं है। सच्ची शिक्षा मानवता को पालती है, आजीविका के स्रोत उत्पन्न करती है, ज्ञान प्रदान करती है और हमें समतावाद से भरती है। सच्ची शिक्षा समाज को जीवंत बनाती है। (मीनाक्षी मीणा 2017) । अम्बेडकर अपने नारे से यह बात स्पष्ट कर देते हैं कि वंचित और दलित समुदाय बिना शिक्षा के न्याय और समानता की लडाई नहीं लड़ सकता है ।

फ्रेइरे की आलोचना जिसे उन्होंने 'बैंकिंग शिक्षा' कहा है, की खोज की गई है, साथ ही 'संवाद' और 'विवेकीकरण' को मुक्ति के लिए उनकी शिक्षा की प्रमुख अवधारणाओं के रूप में देखा गया है। फ्रेइरे की मुक्त शिक्षा को समझने की कुंजी उनकी विवेकीकरण की अवधारणा को समझना है, जो फ्रेइरे की सभी अवधारणाओं में से सबसे मौलिक और महत्त्वपूर्ण है। इसके सबसे बुनियादी रूप में, विवेक को उस प्रक्रिया के रूप में समझा जा सकता है जिसके द्वारा मनुष्य अपने उत्पीड़न के स्रोतों के बारे में अधिक जागरूक हो जाते हैं। हमने पहले देखा कि जानवरों के विपरीत, मनुष्य में दुनिया और उसकी गतिशीलता (अर्थात स्वयं इतिहास) पर प्रतिबिंबित करने की क्षमता होती है और प्रतिबिंब के आधार पर भविष्य की कार्यवाही का एक निश्चित पाठ्यक्रम चुनता है। हमने यह भी देखा कि इस सम्बंध में उत्पीड़ित वंचित हैं। हो सकता है कि उनमें बौद्धिक विश्वास न हो-उदाहरण के लिए यदि वे अनपढ़ हैं-'दुनिया को प्रतिबिंबित'

करने के लिए और परिवर्तन के लिए अपना एजेंडा तैयार करने के लिए। वे इस बात से अनजान हो सकते हैं कि जिस गरीबी / उत्पीड़न / निरक्षरता से वे पीड़ित हैं, वह एक स्थायी तथ्य नहीं है, बल्कि समाज में अन्यायपूर्ण संरचनाओं और तंत्रों के संचालन का परिणाम है, जिसे एक बार समझने के बाद बदला जा सकता है। सबसे बढ़कर, उन्होंने 'उत्पीड़कों के मूल्यों' को आत्मसात कर लिया होगा और इस प्रकार दुनिया में अपनी स्थिति के बारे में गंभीर रूप से सोचने के लिए ख़ुद को असमर्थ, या अनिच्छुक पाते हैं और ऐसी स्थिति में सुधार के लिए उनके लिए कौन से कार्य खुले हैं (Freire, 1972, p 24)।

तब, विवेकीकरण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसके द्वारा उत्पीड़ितों द्वारा-अपने और अपने समुदाय और अंततः, जिस समाज में वे रहते हैं-द्वारा आलोचनात्मक सोच की क्षमता का विस्तार किया जा सकता है। जिस तरह मनुष्य के औपचारिक और ऐतिहासिक व्यवसाय को कुछ सामाजिक रूप से निर्मित संरचनात्मक अवरोधों द्वारा विफल किया जा सकता है, उसी तरह वास्तविकता की किसी की धारणा कुछ मनोवैज्ञानिक रूप से सीमित करने वाले कारकों से ढकी हो सकती है। इस प्रकार, एक स्तर पर, विवेकीकरण, या जागरूक होने की प्रक्रिया, एक ऐसा स्थान प्रदान करती है जिसमें किसी की वास्तविकता की धारणा बदल सकती है। यह उत्पीड़ित व्यक्ति की अधिक से अधिक मानवीकरण की खोज की दिशा में पहला क़दम है।
क्रिया और प्रतिबिंब। लेकिन विवेकीकरण एक विशुद्ध बौद्धिक प्रक्रिया से कहीं अधिक है। यह एक गतिशील, या द्वंद्वात्मक प्रक्रिया है, जिसका एक समान रूप से महत्त्वपूर्ण

घटक क्रिया है। विवेक में, क्रिया आगे प्रतिबिंब की ओर ले जाती है और इसी तरह, बढ़ती मुक्ति के द्वंद्वात्मक मार्ग में। इस प्रकार विवेक दो अविभाज्य, पारस्परिक रूप से समृद्ध और प्रामाणिक रूप से मानवीय क्षमताओं से बना है-क्रिया और प्रतिबिंब, या प्रतिबिंब पर आधारित क्रिया और क्रिया के आधार पर प्रतिबिंबित।

फ्रेइरे पश्चिमी विचारों के प्रतिबिंब और क्रिया के कृत्रिम पृथक्करण, एक ओर सिद्धांत और दूसरी ओर अभ्यास के आलोचक थे (Aronowitz, 2012)। उन्होंने दोनों को एक ही सिक्के के दो पहलू के रूप में देखा। यह मुक्त करने वाली गतिशील क्रिया-प्रतिबिंब है , जो दोनों से उत्पन्न होती है और वैज्ञानिकीकरण की प्रक्रिया को पोषित करती है, फ्रेयर इसे प्रैक्सिस बुलाते है। प्रैक्सिस, जिसे सिद्धांत और क्रिया के संलयन के रूप में भी समझा जा सकता है, फ्रेयर की शिक्षाशास्त्र की जड़ में निहित है और फ्रायर जिसे बैंकिंग शिक्षा कहा जाता है, उसमें निहित पदानुक्रमित और दमनकारी प्रवृत्तियों का सामना करना पड़ता है।

पाउलो फ्रेइरे अपनी पुस्तक पेडगोजी ऑफ़ द अप्रेस्ट में शोषण के चार उपकरण और मुक्ति के चार उपकरणों को परिभाषित करते हैं। वह कान्क्वेस्ट शब्द का प्रयोग करते हैं जिसका अर्थ है जीत जिसका वर्णन है कि कैसे कोई वर्ग या संस्कृति किसी दुसरे पर अधिकार कर लेता है। वे यह सुनिश्चित करके सत्ता बनाए रखते हैं कि उत्पीड़ित लोग अपने लिए न सोचें। मनिप्यलैशन शोषण के दुसरे उपकरण जिसका अर्थ है हेरफेर इसके बारे में वह कहते हैं कि ऐसे वर्ग अपने मिथकों को फैलाने के लिए प्रचार और जनसंचार माध्यमों का उपयोग कर सकते हैं। शोषण का तीसरा उपकरण है डिवाइड

एंड रूल (फूट डालो और राज करो) इसमें शोषक शोषितों को छोटे-छोटे समूहों में बाँट देता है और उन्हें एक दुसरे के खिलाफ़ खड़ा कर देता है । यह रणनीति यह सुनिश्चित करती है शोषित कभी भी अल्पसंख्यक शोषितों के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए एकजुट नहीं हो सकते। कल्चरल इन्वैश़न (सांस्कृतिक आक्रमण) उत्पीड़न का एक अन्य उपकरण है कि कैसे शोषकों ने शोषितों की संस्कृति को मिटा दिया और अपनी संस्कृति को श्रेष्ठ बताया। यह शोषित लोगों को परिवर्तन के लिए प्रयास करने के लिए मजबूर करता है और यह स्वतः ही सत्ता का एक हाइरार्की बनाता है क्योंकि शोषित अपने शोषकों की तरह बनने का प्रयास करते हैं।

फ्रेइरे शोषितों को शोषकों के विरुद्ध लड़ने और मुक्ति के चार उपकरणों की चर्चा करते हैं। कोआपरेशन (सहयोग) मुक्ति के चार साधनों में से एक, यदि सभी एकजुट होकर काम करे तो हाइरार्की को समाप्त किया जा सकता है तथा समस्याओं को भी हल किया जा सकता है। इसमें किसी एक समूह को दूसरे से "होशियार" या "अधिक महत्त्वपूर्ण" या "बेहतर" नहीं समझा जाता है। यूनिटी फॉर लिबरेशन (मुक्ति के लिए एकता) एक उपकरण है जो उत्पीड़ित लोगों को उत्पीड़न के खिलाफ लड़ने के लिए एक साथ आने में मदद करता है। आर्गेनाइजेशन एंड कल्चरल सिंथेसिस (संगठन और सांस्कृतिक संश्लेषण) के माध्यम से, मुक्ति के अन्य दो उपकरण, उत्पीड़ित लोगों को सत्ता वापस मिलती है क्योंकि वे अन्य संस्कृतियों के उत्पीड़ित लोगों से जुड़ते हैं। समूह तब भविष्य के लिए एक समेकित योजना बनाने के लिए विभिन्न संस्कृतियों के विचारों को एक साथ लाते हैं, या संश्लेषित करते हैं। (freire,1972,ch.4)

अम्बेडकर ऐसा मानते थे कि समानता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित समाज के पुनर्निर्माण के लिए शिक्षा एक अनिवार्य शर्त थी। आज के जाति-मज़हब आधारित विषाक्त सामाजिक-राजनैतिक वातावरण में अम्बेडकर के शिक्षा पर विचारों की प्रासंगिकता और बढ़ गई है। व्यापक अध्ययन एवम् चिंतन-मनन के बल उन्होंने भारत के स्वाधीनता संग्राम में एक नयी अंतर्वस्तु भरने का काम किया। वह यह था कि दासता का सबसे व्यापक व गहन रूप सामाजिक दासता है और उसके उन्मूलन के बिना कोई भी स्वतंत्रता कुछ लोगों का विशेषाधिकार रहेगी, इसलिए ऐसी स्वतंत्रता ही अधूरी होगी। (NCERT,2007)

अम्बेडकर के सामाजिक-दार्शनिक विचार समतावाद के आधार पर टिके थे। मानवीय गरिमा और स्वाभिमान उनके सामाजिक दर्शन के केंद्र में थे। वह समाज में न्याय, समानता, बंधुत्व, स्वतंत्रता और निर्भयता स्थापित करने के लिए शिक्षा का उपयोग करना चाहते थे। वह जन्म आधारित समाज को मूल्य आधारित समाज से बदलना चाहते थे। यह बिना कहे चला जाता है कि इन नैतिक मूल्यों को शिक्षा के माध्यम से ही बढ़ावा दिया जा सकता है। डॉ अम्बेडकर महिलाओं की शिक्षा के लिए भी अत्यंत चिंतित और गंभीर थे उनका मानना था कि महिलाओं में शिक्षा की कमी भारतीय समाज की सबसे बड़ी समस्या थी। उन्होंने भारत में महिलाओं और दलितों की दयनीय स्थिति के लिए ब्राह्मणवाद को ज़िम्मेदार ठहराया। अम्बेडकर ब्राह्मणवाद और जातिवाद से अपने आप को मुक्त करना चाहते थे।

एपिस्टीमिक डिसोबीडीअन्स /ज्ञानमीमांसात्मक उलंघन

लैटिन अमेरिकी संदर्भ में एपिस्टीमिक डिसोबीडीअन्स को समझने का सबसे कठिन हिस्सा इसका हिंदी में वैचारिक अनुवाद है। 'एपिस्टेमिक' एक विशेषण है जबकि हिंदी शब्द 'ज्ञानमीमांसा' एपिस्टेमोलॉजी की तरह एक संज्ञा है। अपने राजनीतिक इतिहास के संदर्भ में 'एपिस्टीमिक' का कुछ स्पष्ट समस्याकरण है 'एंट्रोपोफैगिया', 'नेपेंटलिसमो' और 'बॉर्डर्स'। ये राजनीतिक अंतर्दृष्टि अधीनस्थ ज्ञान को एजेंसी और गरिमा देता है।

एपिस्टीमिक की ये समझ वाल्टर मिन्योलो, ओसवाल्ड एंड्राडे (ब्राजील), अब्दुररमान खतीबी (मोरक्को) और ग्लोरिया अंजलदुआ (मेक्सिको) से ली गई है (Mignolo, 2000) । इसलिए अनुवाद समस्याग्रस्त हो जाता है क्योंकि यह उपनिवेशवाद से संबंधित एक अवधारणा के बारे में है। ये अवधारणाएं शोषित के नरभक्षण से संबंधित हैं (एंट्रोपोफैगी), या अस्पष्ट सीमाओं या सीमाहीनता (नेपेंटलिसमो) से सम्बंधित है और इस प्रकार उन्हें गैर-विनम्र और गैर-निष्क्रिय के रूप में प्रस्तुत करती हैं। ज्ञानमीमांसात्मक इसलिए ' एपिस्टीमिक ' का एक समझौता किया हुआ अनुवाद है।

हम पहले के अध्यायों में देख चुके हैं कि कैसे उपनिवेशवाद पूंजीवाद और मानव शोषण का स्थायीकरण था। उपनिवेशवाद और ज्ञानमीमांसात्मक उलंघन के सम्पर्क परस्पर निर्भरशील है और महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह विचार की यूरोकेन्द्रित प्रणालियों के आधार और नियंत्रण पर प्रश्नचिह्न लगाता है। वाल्टर मिन्योलो की एपिस्टेमिक डिकोलोनियलिटी एंट्रोपोफैगिया, नेपेंटलिसमो (Nepantlismo) और बॉर्डर-थिंकिंग के

साथ अपने जटिल संबंधों के कारण समझने के लिए एक कठिन अवधारणा है। इसलिए " एपिस्टीमिक " की अवधारणा एक गैर-आधिपत्य, गैर-श्वेत और गैर-निष्क्रिय रुख से भरी हुई है जो नरभक्षण (cannibalism) के माध्यम से उलंघन करता है, सफेद यूरोसेंट्रिक ज्ञान प्रणालियों का सामना करता है और खेलता/छेड़ता है उनसें उन्हें जो उन्हें लक्षित करते हैं। इस प्रकार एपिस्टीमिक डिसोबीडीअन्स एक सोच प्रक्रिया के साथ सीधे टकराव के बारे में है जो नस्लवाद के कथित वैज्ञानिकता के आधार पर अश्वेत लोगों के शोषण को सही ठहराता है।

“नस्ल” लैटिन अमेरिका में सामाजिक विभाजन का एक तंत्र

लैटिन अमेरिका में रेस या नस्ल का निर्माण यूरोपीय उपनिवेशवादियों के आगमन के बाद शुरू हुआ। धीरे धीरे यहाँ पर नस्ल से सम्बंधित विचार बड़े पैमाने पर पुरे लैटिन अमेरिका में फ़ैल गए। लैटिन अमेरिका में नस्ल का मुद्दा अन्य देशों और महाद्वीपों से काफ़ी भिन्न हैं यह केवल चमड़ी, बाल और आँखों के रंगों से निर्धारित नहीं होता हैं ।

लैटिन अमेरिका में जब नस्ल की बात की जाती तब उसमे काफी व्यापकता और विभिन्नता देखने को मिलती हैं जो की समय के साथ साथ एक संस्कृति का रूप धारण कर चुकी हैं । यहाँ के समाज में मुख्य रूप से “काले” अफ़्रीकी मूल के लोग जिन्हें यूरोपीय अपने साथ दास अथवा गुलाम के रूप में लेकर आये। “वाइट” यूरोपीय उपनिवेशवादी और उनके वंशज जो यही पर बस गए। इंडियन या स्वदेशी लोग जो यूरोपीय उपनिवेशवादियों के आक्रमण से पहले यहाँ रहते थे

और सबसे अंत में “मेस्तिसाखे” जो स्पेनिश और पुर्तगाली तथा इन तीन आबादी के बीच हुए जैविक मिश्रण से सम्बंधित हैं। (Wade, Peter (1997)

यूरोपीय, अफ्रीकियों और इन्डिजनस लोगों के बीच आनुवंशिक और सांस्कृतिक मिश्रण संपर्क के तुरंत बाद शुरू हुआ, हालांकि कुछ “कुलीन” यूरोपीय लोगों ने मिश्रण को अस्वीकार कर दिया। इन मिश्रित संतानों को जिन्हें मेस्तिसोस कहा जाता था ऐसे लोगों को उनके माता-पिता से सामाजिक रूप से अलग माना जाता था, और इस प्रकार एक नए सामाजिक वर्गीकरणों का प्रसार हुआ। हालांकि मेस्तिसोस अर्थात मिश्रित व्यक्ति एक सामान्य श्रेणी थी, जो की विशेष रूप से स्वदेशी और यूरोपीय विरासत के लोगों के लिए संदर्भित होता है, जबकि शब्द मुलातो आमतौर पर अफ्रीकी और यूरोपीय मूल के व्यक्ति को संदर्भित करता है।

समय बीतने के साथ इनमे कई और श्रेणियाँ जुड़ गयीं जैसे कि ज़ाम्बो जो कि काले और स्वदेशी/इंडियन का मिश्रण थी और *पार्दो* जिसका अर्थ है भूरा व्यक्ति आमतौर पर अफ्रीकी और यूरोपीय मूल के व्यक्ति को निरूपित करने के लिए उपयोग किया जाता था। स्पैनिश उपनिवेशवादियों ने सामाजिक-नस्लीय वर्गों के एक पदानुक्रम को व्यवस्थित करने का प्रयास किया, जिसे सोसिएदाद दे कास्तास ("जातियों का समाज, या नस्लों") के रूप में जाना जाता है।

सभी मामलों में, मिश्रण को ऐसे समायोजित किया गया है कि सभी यूरोपीय सामाजिक, आर्थिक और सैन्य रूप से प्रभावशाली हो और इस प्रकार काले और /इंडियन लोगों के श्रम का शोषण होता था। स्वदेशी लोग धार्मिक अभ्यास जैसे क्षेत्रों में

सांस्कृतिक परिवर्तनों को लागू करने या कम से कम लागू करने का प्रयास करने में असक्षम थे। हालांकि, कई अश्वेत और स्वदेशी लोगों ने औपनिवेशिक शक्तियों का विरोध किया। उन्होंने कई विद्रोह किए, और बड़ी संख्या में पलायन कर भीतरी इलाकों में चले गए, जहां वे मौजूदा समुदायों में शामिल हो गए या फिर से जुड़ गए या नई बस्तियां शुरू कर दीं। इस प्रकार के शोषण और असामनता को समाप्त करने के लिए लैटिन अमेरिका कई नेताओ, चिंतकों और लेखकों ने अपने अपने विचारों से इसका खंडन किया और इसे समाप्त करने के लिए काम किया।

इसी सन्दर्भ में जब लैटिन अमेरिका के साहित्य और दर्शनशास्त्र में नस्ल के विमर्श पर लिखे साहित्य और व्याख्यानों का अध्यन करे तो ये मालूम पड़ता है की स्पेनिश उपनिवेश से मुक्ति के पश्चात वहाँ के बुद्धिजीवियों में नस्ल के प्रश्न पर एक विस्तृत डिबेट काफी लम्बे समय से चल रही है। ये डिबेट अब लैटिन अमेरिका के अकादमिक जगत से बाहर दुनिया के अलग अलग क्षेत्रों में भी चर्चा का विषय बन चुकी है। लैटिन अमेरिका के प्रमुख चिंतको की बात करें तो खोसे मारती, खोसे कार्लोस मारियातेगी, रोबेर्तो फेर्नान्देज़ रेतामार, निकोलास गियेन, जोसे मरिया अर्गेदास इत्यादि प्रमुख है जो अपने लेखों में लैटिन अमेरिकी नस्ल के विमर्श पर विस्तृत चर्चा करते हैं ।

खोसे मारती : नस्लवाद के अस्तित्व का खण्डन और बहु-सांस्कृतिक एकीकरण

खोसे मारती क्यूबा के राष्ट्रीय नायक हैं और लैटिन अमेरिकी साहित्य में एक प्रमुख व्यक्ति हैं तथा क्यूबा के जाने माने कवि हैं। मारती के स्वतंत्रता के विचार नस्लीय समानता पर आधारित हैं इनके अनुसार क्यूबा में नस्ल पर आधारित कोई शोषण नहीं

हो सकता हैं क्योंकि कि यहाँ कोई नस्ल नहीं है (Martí,1893)। खोसे मारती का मानना था कि क्यूबा एक नस्ल विहीन राष्ट्र है क्यूंकि यहाँ के लोग एक होकर स्वतत्रता की लडाई में स्पेन के विरुद्ध लड़ें थे। उनका मानना था कि लैटिन अमेरिका में एक सामान पहचान बने जो कि सांस्कृतिक रूप से स्पेन से अलग हों। मारती का एक अत्यंत प्रसिद्ध लेख “मी रासा” पातरिया नामक अख़बार में प्रकाशित हुआ जिसमे इन्होने नस्ल के मुद्दे पर एक अत्यंत गंभीर और व्यापक चर्चा की। मारती के दुसरे साहित्यों की तरहं ही उनका यह लेख भी पूरी तरह से नस्लवाद के विरोध में था जो उन्होंने अपने अनुभवों से सीखा था।

मारती को लैटिन अमेरिका में गुलामों के जीवन ने बहुत प्रभावित किया था उन्होंने खदानों में काम करने वाले गुलामों को मार खाते और फांसी पर लटकते देखा था। मारती का लेख उनके लगभग सभी राजनीतिक लेखन और भाषणों के ऐसे अंश हैं जिनका उद्देश्य इस बात को स्पष्ट करना है कि भविष्य में क्यूबा में नस्लीय भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं होगी और मुक्ति संग्राम से सबसे शुद्ध और सबसे आवश्यक लोकतांत्रिक प्रवृत्तियों के आधार पर एकता की भावना प्रबल की जाएगी।

"मी रासा" उन कई विषयों और मुद्दों को स्पष्ट करता है जिन पर मारती ने अपने पिछले लेखों में चर्चा की थी। मारती अपने विचारों को इतनी गहराई और तीव्रता के साथ प्रस्तुत करते हैं की इस लेख को अंतरजातीय/इन्टररेसिअल संबंधों पर उनका सबसे उन्नत कार्य माना जा सकता है। यह लेख न केवल नस्लवाद के समाधान के लिए मूल प्रस्तावों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करता है बल्कि उस युग में समाज के विश्लेषण पर जोर

भी देता है। मारती नस्लीय श्रेष्ठता के सभी तर्कों को खारिज करते हुए सभी लोगों द्वारा साझा की गई आध्यात्मिक पहचान की घोषणा करते हैं।

खोसे मारती इस बात पर अत्यंत जोर देते हैं कि ट्रांसकल्चरेशन क्यूबा में नस्लीय संघर्ष को समाप्त कर देगा। वह कहते हैं कि "जब एक काला व्यक्ति खुद को दुसरे लोगों से अलग कर लेता है तो वह गोरे लोगों को भी ऐसा करने के लिए उकसाता हैं" (mi raza)। जब वह कहते हैं "नस्ल को मिश्रित किया जाना चाहिए" तो यह बात स्पष्ट हो जाती कि मेस्टिज़ो पहचान एक ऐसी पहचान है जो क्यूबा में एथेनिसिटी को मजबूती प्रदान कर सकती हैं। मेस्तिसाखे एक ऐसा विकल्प है जो क्यूबा के भविष्य को निर्धारित कर सकता है लेकिन यह एक एक स्वैच्छिक विकल्प से कहीं अधिक होना चाहिए। यह एक स्वाभाविक और अविभाज्य प्रक्रिया होनी चाहिए।

खोसे मारती लैटिन अमेरिका में अमेरिका में नस्लीयकरण की समस्याओं को गैर-यूरोपीय परंपरा और संस्कृति के बहुसांस्कृतिक एकीकरण के साथ हल करने का सुझाव देते हैं। वह कहतें है कि नस्लीय विभिन्नताओं को सामाजिक पदानुक्रम बनाने के बजाय, नस्लीयकरण को उस संस्कृति का जश्न मनाना चाहिए जो एक संस्कृति को अद्वितीय और अद्भुत बनाता है।

वे लोग जो खुद को किसी प्रकार के दायरे में समेट कर रखते हैं वास्तव में नस्लीय रूप से प्रगतिशील दुनिया में पीछे छूट जातें है। मारती अंतर-सांस्कृतिक आदान प्रदान का प्रस्ताव रखते हैं , जो कि देशी संस्कृति और दुनिया के अन्य भागों से क्यूबा में लायी गयी संस्कृति पर आधारित हैं। एफ्रो-क्यूबा के लोगों का सांस्कृतिक नुकसान ने

उन्हें सांस्कृतिक रूप से विस्थापित कर दिया था, क्योंकि उनकी भाषाओं, परंपराओं और धर्मों के अभ्यास की जांच-पड़ताल की गई थी। संस्कृतियों का मिश्रण, आदतें, भोजन, हावभाव और धर्म एक नया आयाम प्रदान करते हैं क्योंकि विभिन्न लोगों के जीवन के अनुभव एकजुट होते हैं। उस विविधता का बच्चा एक सार्वभौमिक प्राणी बनकर उभरता है। मारती द्वारा अनुमानित क्यूबा में होने वाले आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन सैद्धांतिक रूप से लोकप्रिय जनता और सबसे अधिक भेदभाव वाले समूहों के लिए रहने की स्थिति में सुधार करेंगे, जो नस्लवाद के उन्मूलन में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। शिक्षा और संस्कृति तक जन पहुंच, लोकतांत्रिक और न्यायपूर्ण भावना के साथ प्रयोग, मानव उत्थान में योगदान देगा और पूर्ण सामाजिक विकास में बाधा डालने वाले पूर्वाग्रहों को खत्म करने में मदद करेगा।

खोसे मारती के नस्लवाद विरोधी विचार मानवीय दृष्टिकोण से परिपूर्ण और राष्ट्रवाद से प्रेरित थे। वो बहुत ही स्पष्ट रूप से कहते हैं कि कोई भी धारणा या विश्वास जो एक व्यक्ति को दुसरे व्यक्ति से अलग करे , उन्हें आपस में बांटे, उनमे कोई अंतर स्थापित करे या श्रेष्टता एवम् उच्चता का भाव पैदा करे वो मानवता के खिलाफ किया गया पाप है। कोई व्यक्ति अपने आप को किसी भी नस्ल का माने परन्तु उसकी सबसे पहली और महत्वपूर्ण पहचान हैं मनुष्य होना जो कि वाइट, मुलातो और नेग्रो से कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण और प्रासंगिक है। व्यक्ति किसी भी रंग या नस्ल का क्यों न हो लेकिन उसकी नस्ल या उसकी चमड़ी का रंग उसकी शिक्षा और योग्यता में बाधक नहीं बननी चाहिए क्यूंकि शिक्षा सभी मनुष्यों का हक़ हैं। मनुष्य होने का यही अर्थ है की प्रत्येक

व्यक्ति को सामान आधिकार मिलने चाहिए , नस्ल के आधार पर किसी व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होना चाहिए। एक काला व्यक्ति जब यह कहता है कि उसके रंग में या उसकी शारीरिक बनावट में कुछ विशेषता है तो उसे किसी गोरे व्यक्ति को नस्लवादी कहने का कोई आधिकार नहीं हैं क्यों कि नस्ल के आधार पर किसी भी गुण या विशेषता को दर्शाना भी नस्लवाद ही हैं।

खोसे कार्लोस मारियातेगी और इंडियनस की समस्या: नस्लवाद या वर्ग संघर्ष

खोसे कार्लोस मारियातेगी लैटिन अमेरिका के प्रथम मूल मार्क्सवादी माने जाते हैं। वह पेरू के एक अत्यंत महत्वपूर्ण बुद्धिजीवी, पत्रकार, कार्यकर्ता और राजनीतिक दार्शनिक थे। उन्हें बीसवी शताब्दी के सबसे प्रभावशाली लैटिन अमेरिकी समाजवादियों में से एक माना जाता है। वह एक स्व-शिक्षित मार्क्सवादी थे, उन्होंने इस बात पर बहुत जोर दिया कि एक समाजवादी क्रांति को स्थानीय परिस्थितियों और प्रथाओं के आधार पर लैटिन अमेरिका में व्यवस्थित रूप से विकसित होना चाहिए, वह यूरोपीय व्यवस्था के लैटिन अमेरिका में लागू करने के विरोधी थे। उन्होंने वर्ग संघर्ष, पूंजीवाद और मूल निवासियों के मुद्दों पर विस्तृत रूप से लिखा और उनकी मार्क्सवादी दृष्टिकोण से व्याख्या की। उनके द्वारा किये गए काम आज लैटिन अमेरिका में दक्षिणपंथी विचारों का विरोध और सामना करने के लिए बेहद प्रासंगिक और महत्वपूर्ण माने जाते है।

मारियातेगी ने में एक अत्यंत महतवपूर्ण पुस्तक 1928 में लिखा *“सिएते एनसायोस सोब्रे ला रियालीदाद पेरुआना“* (पेरू की वास्तविकता पर सात व्याख्यात्मक

निबंध) जो लैटिन अमेरिका में व्यापक रूप से पढ़े जाते हैं, और इसे लैटिन अमेरिकी सदी के सबसे व्यापक, गहन और सबसे स्थायी कार्यों में से एक कहा जाता है। पेरू की वास्तविकता पर सात व्याख्यात्मक निबंध, जिसमें उन्होंने मार्क्सवादी दृष्टिकोण से पेरू की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की जांच-पड़ताल करते हैं। निबंध में एक नए मुक्ति एजेंडे को अभिव्यक्ति दी गयी जो स्पष्ट रूप से एक दोहरे दृष्टिकोण के संदर्भ में विस्तृत है।

मारियातेगी निबंधों ने आर्थिक विकास, स्वदेशी लोगों के मुद्दे, भूमि वितरण, शिक्षा प्रणाली, धर्म और साहित्य - सभी को एक शानदार मार्क्सवादी दृष्टिकोण से संबोधित किया। लैटिन अमेरिका की ऐतिहासिक वास्तविकता, इसकी स्वदेशी और क्रियोल पृष्ठभूमि के साथ संकटों को परिभाषित किया तथा लैटिन अमेरिकी राष्ट्रों के भीतर गंभीर नस्लीय, जातीय और वर्ग विभाजन के मुद्दों पर भी गंभीर चिंतन किया। इसके अलावा इसी निबंध में, मारियातेगी ने देश की रुकी हुई अर्थव्यवस्था और इस क्षेत्र में इन्डिजनस लोगों की दयनीय स्थिति के लिए लातीफुन्दो, या बड़े भूमि-मालिकों को दोषी ठहराया. उन्होंने इन भू-मालिकों को पूंजीवादी कहा। उन्होंने देखा कि उस समय पेरू में सामंती समाज की कई विशेषताएं थीं। उन्होंने तर्क दिया कि समाजवाद के लिए संक्रमण इंडियन द्वारा प्रचलित सामूहिकता के पारंपरिक रूपों पर आधारित होना चाहिए।

लैटिन अमेरिका में कॉमिन्टर्न[3] ने एंडीज पर्वतीय क्षेत्रों में *केचुआ* और *आयमारा* इंडियनस के लिए एक इंडियन गणराज्य बनाने का प्रस्ताव रखा। इस प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देते हुए मारियातेगी ने इसे ठुकरा दिया और उन्होंने कहा की इंडियनस की समस्या नस्ल नहीं हैं। उन्होंने कहा की मूल समस्या एथनिसिटी और क्लास हैं, यदि नस्ल के आधार पर गणतंत्र बनाते हैं तो वंचितों की संख्या और बढ़ेगी। जमीन के असमान बंटवारे के लिए नस्ल सिर्फ एक कंबल है वह राष्ट्रीय समस्या नहीं हैं। वर्ग और नस्ल आपस में जुड़े हुए हैं इसलिए एक सामाजिक क्रांति लाने के लिए इंडियनस को श्रमिकों से जुड़ना चाहिए। मारियातेगी ने कृषि प्रश्न और इन्डिजनस प्रश्न को घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ देखते हैं वो कहते हैं कि सबसे पहले और सामंतवाद को खत्म करने से बहुत सी समस्यायों को समाप्त किया जा सकता हैं। सामंतवाद के दो महत्वपूर्ण अंग हैं लातीफुन्दो और गुलामी। इंडियनस पर अत्याचार करने वाली दासता को तब तक समाप्त नहीं किया जा सकता जब तक कि लातीफुन्दो को समाप्त नहीं कर दिया जाता (Mariátegui, 2011)।

इसलिए जब उन्होंने " इंडियनस की समस्या" (Mariátegui, 2008, page 35)। के बारे में लिखा, तो वे केवल नस्लीय या सांस्कृतिक उत्पीड़न के प्रश्न के बारे में बात नहीं कर रहे थे। जैसा कि उन्होंने कहा, " इंडियनस की समस्या हमारी अर्थव्यवस्था की भूमि काश्त प्रणाली में निहित है"। उन्होंने उस समय के स्वदेशी लोगों की शासन करने वाली विचारधारा के खिलाफ विद्रोह किया, जिन्होंने इन्डिजनस अधिकारों के मुद्दे को

[3] कॉमिन्टर्न कम्युनिस्ट इंटरनेशनल का संक्षिप्त रूप है। इसे थर्ड इंटरनेशनल के रूप में भी जाना जाता है जिसकी स्थापना 1919 लेनिन के द्वारा हुई थी।

नागरिक अधिकारों के प्रश्न के रूप में सोचा था जिसे शिक्षा से दूर किया जा सकता है या एक मेस्तिसो जाति के निर्माण के माध्यम से पार किया जा सकता है (यानी, गोरों के साथ अंतर्जातीय विवाह के माध्यम से बनाया गया)। उन्होंने मारियातेगी ने तर्क दिया कि समाजवादी केवल इंडियनस के शिक्षा या संस्कृति के अधिकार पर जोर देने के लिए संतुष्ट नहीं हैं; वे भूमि पर अमेरिकी मूलनिवासी लोगों के अधिकारों का दावा करते हैं और उस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए, अमेरिकी मूलनिवासी लोगों को लातीफुन्दो को उखाड़ फेंकना होगा और जमीन को किसान, बटाईदार और खेतिहर मजदूर के हवाले करना होगा.

रेतामार का कालिबान : लैटिन अमेरिकी संस्कृती और इतिहास का 'नायक'

रोबेर्तो फेर्नान्देज़ रेतामार क्यूबा के प्रसिद्ध कवि, निबंधकार, और साहित्यिक आलोचक हैं। वह *कासा दी लास अमेरिकास* के अध्यक्ष भी थे, जो क्यूबा सरकार का एक संस्थान है जिसका उद्देश्य लैटिन अमेरिकी और कैरिबिआई देशों के साथ सामाजिक-सांस्कृतिक संबंधों का विकास और विस्तार करना है। उन्होंने कासा दी लास अमेरिकास नामक सांस्कृतिक पत्रिका की स्थापना की तथा दर्जनों लेख और कविताओं के संग्रह लिखे। उनका सबसे प्रसिद्ध लेख '*कालीबान और अन्य निबंध*' (Caliban y otros ensayos) जिसमे वह लैटिन अमेरिका की सांस्कृतिक, एतिहासिक और राष्ट्रीय पहचान के रूप में शेक्सपियर के प्रसिद्ध नाटक 'टेम्पेस्ट' (Shakespeare, 2010) के एक प्रमुख चरित्र कालीबान के आधार पे स्थापित करते हैं। रेतामार ने यह निबंध खोसे एनरिके रोदो के "एरियल" के जवाब में लिखा था, रोदो अपने निबंध में टेम्पेस्ट के चरित्र

एरियल को लैटिन अमेरिकी सांस्कृतिक पहचान के रूप में इस्तेमाल करते हैं। मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर खोअओ सेसार दे रोचा (Joao Cesar Castro de Rocha) के अनुसार रेतामार बीसवी शताब्दी के प्रतिष्ठित लैटिन अमेरिकी बुद्धिजीवियों में से एक थे । उन्हें क्यूबा के राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था।

कालीबान , शेक्सपियर के अंतिम नाटक "द टेम्पेस्ट" का मुख्य पात्र है, जो 1610 में लिखा गया था। यह कहानी एक दूरस्थ और सुनसान द्वीप पर घटित होती है, प्रोस्पेरो जो की मिलान का एक ड्यूक है अपनी पंद्रह साल की बेटी मिरांडा के साथ उस द्वीप पर एक नाव के सहारे पहुँचता हैं जब उसका भाई एंटोनियो उससे सब कुछ हथिया लेता हैं। द्वीप पर केवल कालीबान निवास करता है जो की एक विकृत और बर्बर प्राणी है जिसे प्रोस्पेरो अपना गुलाम बना लेता हैं । कालीबान की माँ साईकोरेक्स की मौत हो चुकी है; साईकोरेक्स ने एक पेड़ पर एरियल नाम की आत्मा को कैद कर लिया था। प्रोस्पेरो ने उसे अपने जादू से मुक्त कर दिया है और उसे अपनी सेवा करने के लिए की शपथ दिलाई हैं। नाटक के अधिकांश दृश्यों में कालीबान साहसिक और विद्रोही है जिसे प्रोस्पेरो अपने जादू से नियंत्रित करता है।

कालीबान का दावा है कि द्वीप उसका है जो प्रोस्पेरो द्वारा हड़प लिया गया है। कई विद्वानों और बुद्धिजीवियों ने कालीबान को साम्राज्यवादी उत्पीड़न के प्रतीक मूल लोगों का प्रतिनिधि माना है। रेटामार इन बौद्धिक स्थितियों से अवगत थे और उन्होंने शेक्सपियर की कहानी में लैटिन अमेरिकी पहचान के इतिहास को जोड़ा। रेटामार ने कैलीबन की विकृति, उसकी कुरूपता और उसकी क्रूरता को प्रोस्पेरो के औपनिवेशिक

एजेंडे की अवहेलना के रूप में दिखाया। रेटामार ने एनरिके रोडो की एरियल की प्रशंसा को एक गलती के रूप में दिखाया और इसके बजाय सुझाव दिया कि यह कैलिबैन ही है जो लैटिन अमेरिकी पहचान का प्रतिनिधित्व करता है। ऐतिहासिक भार के कारण, काल्पनिक पात्रों की भूमिकाएँ उलट जाती हैं।

पहले अध्याय में इस विषय पर विस्तृत चर्चा की जा चुकी है की कैसे उपनिवेशों ने अपने अधीन आने वाले लोगों की विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, सामाजिक, ज्ञानमीमांसा, और एतिहासिक पहचानों को नष्ट किया। इस अध्याय में यहाँ ये चर्चा की जाएगी की कैसे उपनिवेशवादियों ने अपने अधीन जनसंख्या के शरीर को कमतर, कुरूप, घृणित, और तुच्छ घोषित किया। ऐसा करने के लिए ऐसे अनेक शब्दों का प्रयोग किया गया जो एक प्रकार की बाइनरी या युग्म में होते हैं जेसे अच्छा-बुरा, सभ्य-असभ्य, और उच्च-निम्न। केवल यही नहीं इन मूलनिवासियों को एलियन तक कहा गया। ऐसा करके उपनिवेशी ताकते इन मूलनिवासियों को प्रत्येक स्तर पर गुलाम बना लेना चाहती थी उन्होंने उनके शरीर पर तो कब्ज़ा कर ही लिया था लेकिन अब वो उनके मन मस्तिष्क पर भी कब्ज़ा करना चाहती थी ताकि ये लोग किसी भी दृष्टीकोण से अपने आप को उपनिवेशवादियों के मुकाबले बेहतर और श्रेष्ट महसूस न कर सकें।

उपनिवेशी ताकतों ने इन मूलनिवासियों को एक वस्तु के रूप में प्रयोग किया उन्हें अमानवीय, आदमख़ोर, वहशी, और बुद्धिहीन घोषित किया ताकि इन लोगों के प्रति किसी के मन में कोई दया भाव न उत्पन्न हो सके साथ ही साथ इन्हें हमेशा सभ्य मानव जीवन के लिए एक खतरे के रूप में प्रस्तुत किया गया। उपनिवेशी ताकतें इन

सभी कृत्यों को सही और उचित ठहराने के लिए रंगभेद की निति या रेसिज़्म जैसी संस्था का निर्माण किया। इस रेसिज़्म को विज्ञानिक और धार्मिक आधार भी दिया गया, उपनिवेशी ताकतें विभिन्न पुस्तकों और लेखों में इस बात के दावे किया करती थीं की काले लोग और अन्य गैर यूरोपीयाई जीवविज्ञानिक रूप से भी यूरोपीय लोगों से भिन्न हैं और प्रत्येक दृष्टीकोणों से यूरोपीय लोगों से निम्न हैं। इन सभी तर्कों का प्रयोग करके उपनिवेशी ताकतों ने इन मूलनिवासियों पर किये जा रहे शोषण, अत्याचार और तमाम अमानवीय घटनाओं को उचित और सही ठहराया ताकि इन लोगों को गुलामों और कामगारों के रूप में प्रयोग किया जा सके और उन्हें बाहरी देशों में बेचा जा सकें।

उपनिवेशी लोग चाहते थे कि उनका तंत्र किसी भी रूप और नज़रिए से गलत साबित न किया जा सके ताकि वो हर जगह प्रभुत्व स्ताथापित कर सकें इसलिए वे सब कुछ यूरोपीय दृष्टिकोण से बेहतर करना चाहते थे और इसमें सुंदरता भी शामिल है। सुंदरता और गोरेपन के बीच के संबंध को हिलाना कठिन साबित हुआ। बीसवी शताब्दी के मध्य तक सुन्दरता का पैमाना यूरोप और अमेरिका की पतली, गोरी, नीली आंखों वाली गोरी महिलाओं को माना जाता था परन्तु बाद में नियमों में बदलाव किया गया ताकि वे महिलाएं जो तीसरी दुनिया या गैर यूरो-अमेरिकी देशों से आती हैं ब्यूटी कांटेस्ट में भाग ले सकें। इससे पहले, आधिकारिक नियमों ने कहा था कि प्रतियोगियों को अच्छे स्वास्थ्य और सफेद/गोरी रेस का होना आवश्यक हैं।

द टेपेस्ट के कालीबान के माध्यम से जाना जा सकता है की कैसे उपनिवेशवादियों ने उपनिवेशित लोगों के शरीर की ऐसी व्याख्या की जिसके माध्यम से

उन्हें मनुष्य की सामान्य परिभाषा से बाहर रखा गया ताकि उनके ऊपर होने वाले शोषण और अत्याचार को उचित ठराया जा सके। जैसा की रेतामार कहते है की हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि "कालीबान" शब्द "कैन्निबल" से बना है जिसका प्रयोग शेक्सपियर हेनरी IV के तीसरे भाग में और ओथेलो में एंथ्रोपोफैगस के अर्थ में करता है जिसका मतलब होता है नरभक्षी अर्थात इंसानों का मांस खाने वाला। यह शब्द "कैरिब" शब्द से आता है, कैरिब इंडियंस उस जगह के सबसे ताकतवर और वीर निवासी थे जिन पर आज हमारा कब्ज़ा है। उनका नाम आज भी कैरिबियन सागर के रूप में जीवित है। क्रिस्टोफर कोलंबस ने अपने नेविगेशन लॉग बुक में अपने आगमन के विवरण में एक महाद्वीप का उल्लेख किया है जिसे वह अमेरिका कहता हैं। वह उन आदमियों के बारे में बताता है, जिन्होंने इंसानों को खाया। उसके दूसरे ब्योरों में उस महाद्वीप के एक हिस्सा का उल्लेख है जिसे आज हैती कहा जाता है जहां के लोग नरभक्षी कहलाते थे और उनकी एक ही आंख थी।

वह कैनरिया द्वीप के विवरण में बताता है जहाँ उसने अपनी खोज की घोषणा की, यहाँ के लोगों को बहुत ही क्रूर और मनुष्य का मांस खाने वाला बताया। (Retamar 36) रेतामर बताते हैं की कैसे *कैरिब* नाम को यूरोपीय लोगों ने अमानवीय और हिंसक के रूप में स्थापित किया। शेक्सपियर ने अपने लेखन के माध्यम से इसे महानगरो तक पहुँचाया और दुश्प्रचारित किया और इसके मूल अर्थ को तोड़ मरोड़ दिया। इस चर्चा से यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है की यह व्यवस्था उत्पीड़ितों के जिस्म और दिमाग़ का शोषण कर उन पर प्रभुत्व स्थापित करती है, और साथ ही साथ उनके शारीरिकी रंग

रूप पर अधिकार स्थापित करती हैं। यह प्रभुत्व अब निश्चित रूप से, केवल रेस।नस्ल तक ही सिमित नहीं है बल्कि अब ये और भी तमाम जगहों पर देखने को मिलता है जो इस दुनिया में हमारे होने, हमारे कार्यों और दुनिया के बारे में हमारी समझ को भी नियंत्रित/प्रभावित करता है अतः इस प्रभुत्व को ख़त्म करना अति आवश्यक हो जाता है।

